**RADIANT ACADEMY**
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
**RADIANT ACADEMY**
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 | अंक : 242 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बृहस्पतिवार, 21 अगस्त, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

# गुंडे-माफिया नहीं अब विकास है उत्तर प्रदेश की पहचान : मुख्यमंत्री

## एटा में श्री सीमेंट प्लांट का किया उद्घाटन

**एटा ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एटा में आज विकास को नया आयाम दिया। मलावन क्षेत्र में श्री सीमेंट प्लांट दूसरी बड़ी परियोजना है जो पूरे देश में जिले को पहचान दिलाएगी। साथ ही इससे बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिलेगा। मुख्यमंत्री ने आज इस प्लांट का उद्घाटन किया।

सीएम योगी गुरुवार को एटा पहुंचे। यहां उन्होंने सीमेंट प्लांट का शुभारंभ किया। इस प्लांट में बड़े स्तर पर सीमेंट तैयार किया जाएगा। इसकी आपूर्ति देशभर में की जाएगी। इससे एटा का नाम भी पूरे देश में पहचाना जाएगा। इससे पहले मलावन क्षेत्र में ही जवाहरपुर विद्युत तापीय परियोजना भी स्थापित की जा चुकी है। इसकी दोनों इकाइयों से करीब 1320 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। इससे भी एटा को देशभर में पहचान मिली है (शेष पृष्ठ-4 पर)




## भाजपा विधायक से परेशान पूर्व फौजी जहर खाकर पहुंचा सीएम दरबार

**लखनऊ ( एजेंसी )।** राजधानी लखनऊ में गुरुवार को एक रिटायर्ड फौजी जहरीला पदार्थ खाकर सीएम योगी के जनता दरबार में पहुंच गया। उसने वहां पर तैनात सिक्योरिटी स्टॉफ को यह बात बताई। इसके बाद उसे तत्काल सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। फौजी का आरोप है कि उसने गाजियाबाद के लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर के उत्पीड़न से तंग आकर यह कदम उठाया है। बताया गया कि गाजियाबाद के लोनी थाना क्षेत्र के सिरौली निवासी रिटायर्ड फौजी सतबीर गुर्जर सीएम जनता दरबार में पहुंचे थे। यहां सुरक्षा में तैनात स्टाफ को उन्होंने बताया कि वह जहरीला पदार्थ खाकर आए हैं। इससे मौके पर अफरातफरी मच गई। इस दौरान सतबीर ने भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर पर कई गंभीर आरोप लगाए।

# दिल्ली की सीएम को जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी की सुरक्षा दे दी गई है। सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी की सीआरपीएफ सुरक्षा प्रदान कर दी है। सीएम से आज सुबह दिल्ली के सातों सांसदों ने मुलाकात की।



आपको बता दें कि दिल्ली में बुधवार को साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी राजेश खिमजी को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है।

आरोपी राजेश को दिल्ली पुलिस ने देर रात दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका स्थित एक मजिस्ट्रेट के घर पर पेश किया गया। सूत्रों ने बताया कि आरोपी को तीस हजारी अदालत परिसर में किसी भी मजिस्ट्रेट के सामने पेश नहीं किया गया।

# इंडी उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी ने किया नामांकन



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इंडी गठबंधन की ओर से उपराष्ट्रपति पद के लिए बी सुदर्शन रेड्डी ने गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल किया। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन ने उनको उम्मीदवार बनाने की घोषणा की थी।

दरअसल, उपराष्ट्रपति पद के चुनाव में नामांकन के लिए आज आखिरी दिन है। बता दें कि इससे पहले एनडीए की तरफ से सीपी राधाकृष्णन ने बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया था। उनके प्रस्तावक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी थे।

बी. सुदर्शन रेड्डी के नामांकन के दौरान उनके साथ कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गाँधी, शरद यादव, प्रो. रामगोपाल यादव, धर्मेन्द्र यादव समेत कई विपक्षी नेता मौजूद रहे।

# ससुरालियों ने किया उत्पीड़न सल्फास खिलाने का प्रयास

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना जारचा में एक महिला ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ मारपीट कर घर से निकालने व उत्पीड़न करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने अपनी ससुराल वालों पर छेड़छाड़, बलात्कार का प्रयास तथा सल्फास देकर जान से मारने का प्रयास करने के भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली सोनिया (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 12 मार्च 2024 को उसकी शादी ग्राम खरदोनी जनपद मेरठ निवासी दीपक चौहान के साथ हुई थी। शादी में उसके परिवार ने अपनी हैसियत अनुसार दान दहेज दिया था, लेकिन इससे दीपक चौहान व उसके परिजन संतुष्ट नहीं थे। शादी के कुछ समय बाद ही उसका पति दीपक चौहान व ससुराल वाले आए दिन उसके साथ गाली गलौज में मारपीट करने लगे।

सोनिया का आरोप है कि 6 जनवरी 2025 की रात्रि को उसके चाचा ससुर सोमवीर, देवर अभिषेक ने उसके साथ गंदी हरकतें की और बलात्कार करने का प्रयास किया। उसके चिल्लाने पर उसकी सास पूनम, ननद सलोनी, मोनी तथा ससुर ने भी उसके साथ मारपीट की। ससुराल वालों ने उसे जान से मारने की (शेष पृष्ठ-4 पर)

# गैंगरेप पीड़ित मंदबुद्धि युवती का कमरे में लटका मिला शव

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** गाजियाबाद के लोनी कोतवाली क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली 23 साल की मंदबुद्धि युवती के साथ जंगल में ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में बृहस्पतिवार सुबह पीड़िता का शव घर के अंदर कमरे में फंदे पर लटका मिला। परिवार के लोग जब कमरे में पहुंचे तो घटना का पता चला। इसके बाद नाराज परिवार के लोग कस्बा पुलिस चौकी पहुंचे और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को वापस भेजा।



मृतका के पिता ने बताया कि रात के समय उनकी बेटी खाना खाकर कमरे में सोने चली गई थी। सुबह जब वह कमरे में पहुंचे तो बेटी का शव फंदे पर लटका हुआ देखा। (शेष पृष्ठ-4 पर)

# सर्किलवार समीक्षा बैठक कराए प्राधिकरण

## फोनरवा ने सीईओ डॉ. लोकेश एम से की मांग

**नोएडा ( चेतना मंच )।** फेडरेशन ऑफ नोएडा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम को पत्र लेकर लिखकर आरडब्ल्यूए के साथ सर्किलवार समीक्षा बैठकों के आयोजन का अनुरोध किया है। फोनरवा अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने कहा कि आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों के साथ बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न हो चुकी हैं। इन बैठकों के आयोजन को दो माह से अधिक समय बीत चुका है। अत: सर्किलवार समीक्षा बैठकों का आयोजन जल्दी से जल्दी किया जाए। जैसा कि सर्वविदित है कि किसी भी बैठक की सफलता मुख्य रूप से उसमें लिए गए निर्णयों के प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। अत: हमें विश्वास है कि संबंधित सर्किलों में प्रस्तावित विकास कार्यों पर आवश्यक कार्रवाई की जा चुकी होगी।

महासचिव के के जैन ने कहा कि आरडब्ल्यूए द्वारा अपने-अपने सेक्टरों में विकास कार्यों की प्रगति का आकलन करने एवं लंबित मामलों की समीक्षा हेतु निवेदन है कि कृपया संबंधित वरिष्ठ प्रबंधकों, विभागीय अधिकारियों तथा आरडब्ल्यूए (शेष पृष्ठ-4 पर)

# संगठन को लेकर महानगर अध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आज जिला अध्यक्ष महेश चौहान के आवास पर एक महत्वपूर्ण मीटिंग हुई जिसमें आगामी कार्यक्रमों मन की बात कार्यक्रम को लेकर जिला अध्यक्ष महेश चौहान ने चारों महामंत्रियों के साथ चर्चा की एवं पूर्व में हुए कार्यक्रमों की समीक्षा भी की।

बैठक में जिला महामंत्री चंदगीराम यादव,जिला महामंत्री उमेश त्यागी,गणेश जाटव डिंपल,आनंद उपस्थित रहे।

दरअसल भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह के कड़े निर्देश के बाद नोएडा महानगर व गौतमबुद्धनगर समेत कई जनपदों में अध्यक्षों ने संगठनात्मक पहल तेज कर दी है। पंचायत चुनाव तथा आगामी विधानसभा चुनाव के मददेनजर संगठन को और भी मजबूत करने के निर्देश दिये गए।



# तीन किशोरों से बरामद की चोरी की बाइक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बीटा-2 पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ तीन बाल अपचारियों को पुलिस संरक्षण में लिया है। बाल अपचारियों के पास से चोरी की तीन बाइक बरामद हुई हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। गोल चक्कर के पास बाइक पर आ रहे तीन किशोर पुलिस को देखकर बाइक मोड़कर भागने लगे। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने इन्हें पीछा करके पकड़ा। पूछताछ करने पर तीनों किशोर ने स्वीकार किया कि उक्त बाइक चोरी की है और उन्होंने इसे कुछ दिन पूर्व ही चोरी किया है। बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर वह उसे चला रहे थे। बाल अपचारियों ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया कि उन्होंने अलग-अलग स्थान से दो अन्य बाइक भी चोरी की है। इन बाइक को उन्होंने सेक्टर सिग्मा-3 के पीछे बंद पड़ी ट्यूबवेल के पास छिपाकर रखा हुआ है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम ने बाल अपचारियों की निशानदेही पर चोरी की दो अन्य बाईक भी बरामद की। तीनों बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

# 30 दिनों में कराएं धारा-10 का निस्तारण वर्ना आवंटन निरस्त

## एसीईओ के निर्देश पर सेक्टरों में भवनों का चिन्हीकरण व फोटोग्राफी शुरू, फिर जारी होंगे नोटिस

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अभी तक नोएडा प्राधिकरण में धारा-10 की आड़ में चल रहे अवैध वसूली पर अब विराम लगता नजर आ रहा है। नये एसीईओ कृष्णा करूणेश ने स्पष्ट निर्देश दिये कि धारा-10 के नोटिस आवंटियों को हाथ में थमाएं अथवा उनके भवन में चस्पा करायें ताकि आवंटी को इसकी जानकारी मिल सके। जिससे वे इसका निस्तारण करा सकें। ताकि टीएम के समय धारा-10 की आड़ में किसी भी तरह का 'खेल' न हो पाए।

उन्होंने आदेश दिये कि सभी अतिक्रमण करने वाले भवन मालिकों को धारा-10 का नोटिस पुन: जारी किया जाए। वे 30 दिनों के अंदर उसका निस्तारण करवा लें वर्ना उनका आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा। एसीईओ के निर्देश पर सेक्टर-12, 22, 55, 56, 71, 72, 15 समेत कई सेक्टरों में प्राधिकारण की टीम ने मौके पर जाकर भवनों की सूची व फोटोग्राफी शुरू कर दी है। सभी को फिर धारा-10 के नोटिस जारी किए जाएंगे।

अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करूणेश ने विभागीय ओएसडी, प्रबंधक, डिलिंग हेड को ये निर्देश जारी कर दिया है। जिसमें कहा गया है कि धारा 10 का निस्तारण एक माह के अंदर किया जाए, नहीं होने की दशा में आवंटन सीधे निरस्त किया जाए। आवंटी को टीएम के समय परेशान नहीं किया जाएगा।

बता दें कि पिछले सप्ताह विभागों से जारी धारा 10 नोटिस प्रकरण को लेकर नोएडा प्राधिकरण सीईओ डा लोकेश एम ने बिल्डअप सोसायटी, आवासीय भूखंड अधिकारियों के साथ बैठक की थी। इसमें सख्त निर्देश दिया था कि भूखंड व फ्लैट में अतिक्रमण करने के नाम पर धारा 10 का विभागों से नोटिस जारी किया जाता है। इस पर गंभीरता से काम किया जाए। धारा 10 का निस्तारण हर हाल में किया जाना चाहिए। इसको लेकर आम आदमी को परेशान बिलकुल न किया जाए। जिस आवंटी को धारा 10 का नोटिस थमाया गया है, उसका निस्तारण टीएम के समय नहीं होगा। आवंटी जिस समय अपना भूखंड या फ्लैट बेचने के लिए आया है, उसको विभागीय कर्मचारियों की ओर से धारा 10 की आड़ में परेशान किया जा रहा है। इससे प्राधिकरण की क्षवि धूमिल होती है। नोटिस मौके पर आवंटी को रिसीव कराया जाए। लगातार शिकायत आ रही है कि विभागीय कर्मचारियों की ओर धारा 10 का नोटिस जारी कर दिया जाता है, लेकिन आवंटी को प्राप्त नहीं होता है। आवंटी के पास धारा 10 का नोटिस उपलब्ध होना चाहिए। यह जिम्मेदारी कर्मचारियों की होगी, नोटिस आवंटी नहीं लेता है तो उसकी संपत्ति का चस्पा किया जाए। (शेष पृष्ठ-4 पर)

### बसपा शासन में हुए थे 1300 मकान निरस्त

बता दें कि बसपा के शासनकाल में नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-71 में एक साथ 1300 फ्लैटों का आवंटन निरस्त किया था। जिससे फ्लैट आवंटियों में हड़कंप मच गया था। बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती के बहनोई एजीएम एन.पी. सिंह ने यह आवंटन निरस्तीकरण के आदेश दिए थे। बाद में राजनीतिक हस्तक्षेप के बाद निरस्तीकरण वापस किए गए थे।

# चार गांवों के डूब एरिया तक पहुंचा यमुना के बाढ़ का पानी

## फार्म हाउसों में घुसा पानी, झुग्गियों में लिया आसरा, डीएम ने दिये सख्त आदेश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** यमुना डूब क्षेत्र में दो दिनों से बाढ़ का पानी आ गया है। यहां रहने वाले लोग अब पलायन करने को मजबूर हैं। सेक्टर-168 की तरफ करीब 100 से ज्यादा झुग्गियां बनाकर लोग रह रहे हैं। बाढ़ का पानी झुग्गियों में भरने से खाने-पीने का सामान व अन्य सामग्री बह गई।

नोएडा में मंगरौली, छपरौली, गुलावली, मोहियापुर के अलावा झट्टा गांव में पानी भरा है। ग्रामीणों ने कहा कि 2 दिन पहले अचानक से रात में करीब 1 से 2 बजे के बीच पानी आया। सारा सामान निकालने का समय नहीं मिला। सब पानी में बह गया। हालांकि अब पानी का स्तर कम हो रहा है। लेकिन उनकी फसल खराब हो चुकी है। यहां रहने वाले अधिकांश लोग डूब क्षेत्र में बने फार्म हाउस में काम करते है। अचानक आई बाढ़ के बाद इन लोगों ने सेक्टर-160 में झुग्गी बना ली वहीं पर रह रहे है। इसमें से कई परिवार ऐसे भी है जो काफी दिनों से यहा रह रहे है। लोगों का कहना है प्रशासनिक मदद अब तक इनके पास नहीं पहुंची है। दिल्ली में यमुना का जल स्तर दो दिन पहले बढ़ा था। इसकी हथनी कुंड बैराज से पानी का छोड़ा जाना था। मथुरा के नौहझील के आसपास के गांवों में जलभराव भी है। नोएडा के पुश्ता में 2023 में बाढ़ आई थी। जिसमें करीब 1200 लोगों का रेस्क्यू किया गया। इससे कहीं ज्यादा मवेशियों को बचाया गया। साथ ही 2000 हजार से ज्यादा लोगों के खाने-पीने की व्यवस्था के लिए सामुदायिक किचन और आश्रय स्थल बनाए गए थे। हालांकि यमुना का जल स्तर अब कम हो रहा है। जिससे थोड़ी बहुत राहत की सांस है। यदि हिमाचल में बारिश का सिलसिला नहीं थमता तो यहां पुश्ता के किनारे तक पानी आ जाएगा। जैसा 2023 में हुआ था। जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि वह नियमित रूप से नदियों के जल स्तर की निगरानी करें। समय-समय पर प्रशासन को अवगत कराएं। बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांव के लोगों को सतर्क रहने और पानी बढ़ने की संभावना के बारे में लगातार जानकारी दी जाए।

## लोकसभा का दर्द

हक और आत्मसम्मान के लम्हों के बीच सदन की बहस के मार्मिक पन्ने और हिमाचल की परंपराएं अनूठी पहल की ख्वाहिश कर लेती हैं। मानसून सत्र की आंखें भीगी तथा लबों पर प्रदेश के अस्तित्व से जुड़े सवाल विधानसभा के माहौल को जवाबदेह बना रहे हैं। विपक्ष का काम रोको प्रस्ताव, सरकार की सहमति का वारिस बनकर जब सदन में गूंजता है, विचारधाराओं से कहीं आगे पक्ष-प्रतिपक्ष के सुझावों की अनुगूंज एक सरीखी हो जाती है। होगा गुस्सा बादलों पर आमादा, मगर जमीन के आंसुओं की अपनी दास्तान अलग थी। ये आंसू न मेरे, न तेरे, हिमाचल की चुनौतियों के सामने हम सबके लिए कुछ नया करने की हिदायत से सने हैं। सुर्खियां तो इस बार भी निकलेंगी, लेकिन आपदा के मुहाने विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच बंटने नहीं चाहिएं। यहां चुराह विधानसभा का दर्द शाहपुर से भिन्न नहीं। आपदा वीआईपी होकर संबोधित नहीं होती, इसीलिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू क्षेत्र विशेष के बजाय पूरे हिमाचल के लिए आर्थिक पैकेज की मांग कर रहे हैं। हिमाचल का मूल्यांकन सही तरह से न तो सामान्य परिस्थितियों में हुआ और न ही आपदा के वक्त भी राज्य की पुकार समझी जा रही है। इसीलिए प्रोजेक्ट स्पेसिफिक राहत के आबंटन में पूरे प्रदेश की त्रासदी नहीं सुनी जा सकती। हिमाचल पगडंडियों से पगडंडियां मिलाते हुए आगे बढने् के मील पत्थर चुनता रहा है। अगर कुल्लू-मनाली के रास्ते अवरुद्ध होते हैं, तो कहीं पूरा ऊना जलमग्न होकर चीखोपुकार करता है। कांगड़ा में भाली के मोड़ या दुनेरा के पास सड? गायब हो जाती है, तो पठानकोट-चंबा के टूटे संपर्क को जोडने् की मशक्कत अहम है। आपदा एक रेखांकन कर रही है और पूछ रही है, 'क्या यही है पर्वतीय विकास।' क्या इन्हीं हालात में जीने को जीना कहेगा पूरा प्रदेश। सराज का आपदा के कांटों पर लहूलुहान होना केवल नसीहत नहीं, हिमाचल को नए सिरे से देखने के अल्फाज़ हैं। सदन के भावुक क्षण इस बार आक्रोश को हरा पाएंगे या हमें गुस्से में खुद को दिखाकर सदन का ताप या मान बढ़ाना है। यह दीगर है कि बहस में 'काले झंडे' उतर आए। ये थे आपदा के नाजुक दौर में, इसलिए उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने गुस्से को भावुक बनाते हुए सार्वजनिक आचरण की लक्ष्मण रेखाएं तराशीं तो जंजीरों में संयम सीखने की जरूरत को देखा गया। अब बहस अगर तेरे और मेरे काले झंडों में होगी, तो हर दौर की सत्ता को विपक्ष ने फंसाया है। पहली बार राहत की सामग्री में कहीं भाजपा, तो कहीं कांग्रेस का दाग उभर आया। इसी तरह के टकराव के किस्सों की कहानियां अगर सदन सुनता रहेगा, तो कब तक आम हिमाचली अपने योगदान में वोट गिनता रहेगा। बेशक आपदा के बाद राहत के रास्तों पर सियासत के नाखुन भी चुभे हैं। ये तेरे या मेरे नहीं, हम सबके जख्मों पर नमक बनकर दिखाई दिए हैं। इसलिए जब चुराह के विधायक हंसराज अपने हलके के नुकसान का भारीपन लिए सौ करोड़ के अनुमान का जिक्र करते हैं, तो मुख्यमंत्री के तर्क में पूरे प्रदेश के लिए आपदा राहत पैकेज के संदर्भ में अर्थ जुड़ते हैं। अब सवाल यह भी नहीं कि आपदा में कहां किसके चरण पहले पड़े, बल्कि यह है कि केंद्र हमारी उजड़ी बस्तियों के दीये कहां तक जलाएगा। कब गायब खेत की तलाशी में, अपने जज्बात का हल चला कर कोई किसान फिर से फसल के गीत सुनाएगा। हिमाचल का दर्द बड़ा है, लिहाजा केंद्र को भी बड़ा सीना दिखाना होगा। उम्मीद है केंद्र से हिमाचल के हक और आत्मसम्मान लाने में दोनों पक्ष जब एक साथ चलेंगे, तो काले झंडे खुद ही गुस्से की रिवायत भूल जाएंगे।

## रामचरित मानस

**पिछले अंक में आपने पढ़ा था कि जो व्यापक, कल ( निरवयव ), इच्छारहित, अजन्मा और निर्गुण है तथा जिनका न नाम है न रूप, वही भगवान भक्तों के लिए नाना प्रकार के अनुपम ( अलौकिक ) चरित्र करते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**यह सब चरित कहा मैं गाई। आगिलि कथा सुनहु मन लाई॥**
**बिस्वामित्र महामुनि ग्यानी। बसहिं बिपिन सुभ आश्रम जानी॥**

यह सब चरित्र मैंने गाकर (बखानकर) कहा। अब आगे की कथा मन लगाकर सुनो। ज्ञानी महामुनि विश्वामित्रजी वन में शुभ आश्रम (पवित्र स्थान) जानकर बसते थे,॥

**जहँ जप जग्य जोग मुनि करहीं। अति मारीच सुबाहुहि डरहीं॥**
**देखत जग्य निसाचर धावहिं। करहिं उपद्रव मुनि दुख पावहिं॥**

जहाँ वे मुनि जप, यज्ञ और योग करते थे, परन्तु मारीच और सुबाहु से बहुत डरते थे। यज्ञ देखते ही राक्षस दौड़ पड़ते थे और उपद्रव मचाते थे, जिससे मुनि (बहुत) दुःख पाते थे॥

**गाधितनय मन चिंता ब्यापी। हरि बिनु मरहिं न निसिचर पापी॥**
**तब मुनिबर मन कीन्ह बिचारा। प्रभु अवतरेउ हरन महि भारा॥**


गाधि के पुत्र विश्वामित्रजी के मन में चिन्ता छा गई कि ये पापी राक्षस भगवान के (मारे) बिना न मरेंगे। तब श्रेष्ठ मुनि ने मन में विचार किया कि प्रभु ने पृथ्वी का भार हरने के लिए अवतार लिया है॥ (क्रमशः..)

# सीपी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी से कई हित सधेंगे

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राजग ने चंद्रपुरम पोन्नुस्वामी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करके एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। भाजपा ने बहुत सोच-समझकर उन्हें इस प्रतिष्ठित पद का उम्मीदवार बनाया है। वे तमिल हैं, पिछड़े भी हैं, संघ से जुड़े हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुराने करीबी एवं साफ-सुथरी छवि वाले राजनायक हैं। भाजपा ने जब उन्हें उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया, तो यह केवल राजनीतिक गणित का परिणाम नहीं था, बल्कि एक ऐसे व्यक्तित्व को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने का निर्णय था, जो सादगी, ईमानदारी और सेवा की पहचान रखते हैं। उनका चयन भारतीय लोकतंत्र की व्यापकता और समावेशिता का जीवंत प्रतीक है।

अब तक भारतीय राजनीति में दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में भाजपा की जड़ें अपेक्षाकृत कमजोर और सबसे बड़ी चुनौती रहा है। उत्तर और पश्चिम भारत में लगातार सफलता के बाद पार्टी चाहती है कि दक्षिण के राज्य भी उसके प्रभाव में आएं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं और वहां भाजपा के शीर्ष चेहरों में गिने जाते हैं। उनका उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनना भाजपा की यह घोषणा है कि वह दक्षिण भारत को अब हाशिए पर नहीं, बल्कि सत्ता की मुख्यधारा में लाना चाहती है। राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के मजबूत संगठनकर्ता के रूप में पहचाने जाते हैं। सीपी राधाकृष्णन उत्तर भारत के भाजपा के राजनीतिक गलियारे में राधाजी के नाम से जाने जाते हैं। तमिलनाडु की कोयंबटूर लोकसभा सीट से 1998 और 1999 के आम चुनावों में भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए सीपी राधाकृष्णन ने स्कूली जीवन से ही आरएसएस का दामन थाम लिया था। हालांकि एक दौर में वे तमिल राजनीति में अन्नाद्रमुक के करीब माने जाते थे। उनके तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं से मधुर संबंध हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव में डीएमके भी उनकी उम्मीदवारी का विरोध करना कठिन हो सकता है।

उपराष्ट्रपति पद पर उनका चयन ओबीसी समाज को सम्मान और सशक्तिकरण का नया संदेश देगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने लगातार इस वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया है। राधाकृष्णन ओबीसी समाज से आते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की नीति को बल दिया है। राधाकृष्णन का चयन इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इससे भाजपा को देशभर में ओबीसी समाज का और अधिक समर्थन मिल सकता है। इससे भाजपा की सामाजिक आधारशिला और मजबूत होगी। भाजपा अपने निर्णयों से हमेशा करिश्मा घटित करती रही है, अपने चतुराई का परिचय देती रही है, सी.पी. राधाकृष्णन का चयन भाजपा की इसी रणनीतिक चतुराई का ही बड़ा उदाहरण है। इससे पार्टी ने एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं, दक्षिण भारत में पैठ



बनाना, ओबीसी समाज को साधना, विपक्ष को असहज करना और साफ-सुथरी राजनीति का संदेश देना। यह तय है कि उपराष्टपति के रूप में वे न केवल भाजपा बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए सफल नायक सिद्ध होंगे।

यह एक संयोग की कहा जायेगा कि देश के शीर्ष दो पदों पर विराजमान हस्तियों का नाता झारखंड से रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु देश के सर्वोच्च पद पर चुने जाने से पहले झारखंड की राज्यपाल रहीं और देश के उपराष्ट्रपति बनने जा रहे सीपी राधाकृष्णन भी इस राज्य के राज्यपाल रहे हैं। इन दिनों वे महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। वे झारखंड के साथ ही तेलंगाना के राज्यपाल और पुदुचेरी के उपराज्यपाल का भी अतिरिक्त कार्यभार संभाल चुके हैं। मोदी-शाह का उन पर बड़ा भरोसा रहा है, क्योंकि उन्हें एक समय एक साथ तीन-तीन राज्यों के राज्यपालों की जिम्मेदारी थमाई गई थी। अभी उपराष्ट्रपति पद पर ऐसे ही भरोसेमंद, निष्ठाशील एवं जिम्मेदार व्यक्ति की ही तलाश थी। उपराष्टपति भारत का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी करते हैं। राधाकृष्णन का अध्ययनशील स्वभाव, शालीन व्यवहार और संतुलित दृष्टिकोण भारत की सॉफ्ट पावर को और मजबूत करेगा। उनका व्यक्तित्व भारत की परंपरा, संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रभावी प्रतिनिधित्व करेगा।

**अब तक भारतीय राजनीति में दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में भाजपा की जड़ें अपेक्षाकृत कमजोर और सबसे बड़ी चुनौती रहा है। उत्तर और पश्चिम भारत में लगातार सफलता के बाद पार्टी चाहती है कि दक्षिण के राज्य भी उसके प्रभाव में आएं।**

भारतीय राजनीति में उपराष्ट्रपति केवल राज्यसभा के सभापति ही नहीं होते, बल्कि सर्वदलीय संवाद और लोकतांत्रिक परंपराओं के संरक्षक भी होते हैं। राधाकृष्णन का सौम्य व्यक्तित्व, धैर्य और संवाद क्षमता उन्हें इस भूमिका में और अधिक सफल बनाएगी। विपक्षी दलों के लिए भी उनकी छवि स्वीकार्य है, जो संसद की कार्यवाही को संतुलित बनाए रखने में सहायक होगी। सी.पी. राधाकृष्णन का उपराष्टपति पद पर चयन भारतीय लोकतंत्र की उस विशेषता को रेखांकित करता है, जिसमें सादगी और सेवा जैसे गुण सर्वोपरि माने जाते हैं। वे न केवल दक्षिण भारत और ओबीसी समाज का सम्मान हैं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए आशा और संतुलन का चेहरा हैं। निश्चित रूप से वे उपराष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हुए आने वाले वर्षों में एक आदर्श और प्रेरक नायक सिद्ध होंगे। जैसाकि पूर्व उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन हमारे आदर्श नायक हैं।

वैसे भी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और वर्तमान उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन के बीच कुछ उल्लेखनीय समानताएं दिखाई देती हैं। भले ही दोनों की पृष्ठभूमि अलग हो, एक महान दार्शनिक, शिक्षक और राजनयिक रहे, तो दूसरे राजनीति और सामाजिक जीवन से जुड़े हैं, फिर भी उनके व्यक्तित्व में कई साझा बिंदु हैं जैसे दोनों का नाम 'राधाकृष्णन' है, जो भारतीय संस्कृति में श्रीकृष्ण से जुड़ी भक्ति, ज्ञान और नीति का प्रतीक है। दोनों ने अपने-अपने क्षेत्र में भारतीय परंपरा और मूल्यों को प्रतिष्ठित किया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भारतीय दर्शन को विश्वपटल पर प्रतिष्ठा दिलाई और शिक्षा जगत को नई दिशा दी। सी.पी. राधाकृष्णन ने राजनीति और सार्वजनिक जीवन में सेवा, ईमानदारी और पारदर्शिता के लिए ख्याति अर्जित की। डॉ. राधाकृष्णन जीवन भर शिक्षक रहे और शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार माना। सी.पी. राधाकृष्णन का राजनीतिक जीवन भी शिक्षा, नैतिकता और संस्कारों की धरती पर खड़ा है। वे स्वच्छ छवि और सादगी के लिए जाने जाते हैं। दोनों का जीवन साधारण परंतु ऊँचे आदर्शों से जुड़ा रहा। किसी प्रकार का दुराचार या विवाद इन दोनों के जीवन में नहीं जुड़ा, जो आज के राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में बहुत दुर्लभ है। डॉ. राधाकृष्णन को दार्शनिक-राजनेता के रूप में विश्वभर में सम्मान मिला। सी.पी. राधाकृष्णन को जनता का भरोसा, सरल व्यवहार और समाज में उनकी स्वीकार्यता ने एक सम्मानित नेता बनाया। डॉ. राधाकृष्णन ने भारतीय संस्कृति के सार्वभौमिक दृष्टिकोण को स्थापित किया। सी.पी. राधाकृष्णन भी राजनीति में समन्वयकारी, सर्वसमावेशी और राष्ट्रहित की सोच को आगे बढ़ाते हैं। दोनों ही भारतीय मूल्यों, ईमानदारी और राष्ट्र-सेवा के प्रतीक माने जा सकते हैं।

राजनीति में सी.पी. राधाकृष्णन की पहचान एक स्वच्छ और सादगीपूर्ण नेता की है। वे कभी भी विवादास्पद राजनीति का हिस्सा नहीं बने, बल्कि अपने संगठन कौशल, जनता से जुड़ाव और सेवाभाव से अपनी अलग जगह बनाई। सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े रहने के कारण उनका व्यक्तित्व सिर्फ राजनीतिक दायरे तक सीमित नहीं रहा। यही कारण है कि वे उपराष्ट्रपति पद की गरिमा और जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह सक्षम होंगे। भाजपा ने राधाकृष्णन को मैदान में उतारकर विपक्ष के लिए कठिनाई खड़ी कर दी है। उनकी सादगीपूर्ण और निर्दोष छवि के कारण विपक्ष उनके खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने में हिचकेगा। साथ ही, वे किसी विवाद या कट्टरपंथी राजनीति से दूर रहे हैं, जिससे उनकी स्वीकार्यता सर्वदलीय स्तर पर अधिक है। वे न केवल चुनावी राजनीति में सक्रिय रहे, बल्कि सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों से भी जुड़े रहे हैं। इससे भाजपा की यह छवि और प्रखर होगी कि वह स्वच्छ और ईमानदार नेतृत्व को प्राथमिकता देती है। राधाकृष्णन क्यों सफल उपराष्ट्रपति साबित होंगे, इस प्रश्न का उत्तर निम्न पंक्तियों में समाया है कि वे पक्षपात से दूर और सर्वदलीय संवाद को बढ़ावा देने वाले विरल व्यक्तित्व माने जाते हैं। भाजपा संगठन में लंबे अनुभव के कारण वे राजनीतिक नब्ज को भली-भांति समझते हैं। इससे जनता और सभी दलों में उनकी विश्वसनीयता बनी रहेगी। दक्षिण भारत का केन्द्र में समुचित प्रतिनिधित्व होने से वे राष्ट्रीय राजनीति में समावेशिता का चेहरा बनेंगे। – **ललित गर्ग**

लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## स्वास्थ्य और खुशी के लिए (व्यंग्य)

पिछले दिनों एक गिफ्ट बॉक्स आया। यह उपहार अनापेक्षित था लेकिन था आकर्षक। इसका डिब्बा बढ़िया, पतले, सख्त गत्ते से बना था जिस पर रंगीन कागज लगा था। पैक का कवर आकर्षक रंगों के से बना था जिस पर छपा था, 'स्वास्थ्य और खुशी से भरे लम्हों के लिए।' स्वास्थ्य और खुशी के लिए हम क्या क्या नहीं करते। सुबह सुबह उपदेश देना देना शुरू कर देते हैं। सेहत के नुस्खे उगाने लगते हैं। खैर, पैक खोला तो इसमें प्लास्टिक की चार छोटी डिब्बियों में स्वास्थ्य और खुशी के लिए सामान था। एक तरफ पोली कपड़े की पोटली में नकली तेज गंध वाले जंगली फूल थे। इसे सांसों की सेहत सुधारने वाली स्वास्थ्यवर्धक सुगंध नहीं कहा जा सकता। मेरी संवेदनशील नाक को भी यह नहीं भायी।



उपहार स्वास्थ्य और खुशी के लिए रहा इसलिए मैंने जल्दी से एक डिब्बी निकाली, साथ में नकली तीखी इतर की गंध फिर डिब्बे से बाहर निकल आई। रबर के ढक्कन वाली सुन्दर कंटेनर में 45 ग्राम नवरतन मिक्स रहा जो सिर्फ पचास रु का रहा यानी सिर्फ 1110 रुपए का एक किलो। उसमें उत्पादन तिथि व प्रयोग करने की तारिख अंकित रही। स्वास्थ्य और खुशी बढाने वाले खाद्य पर न्यूट्रीशिन्यल इन्फोर्मेशन, सामग्री विवरण और अलर्जिन डिक्लेरेशन भी थी। जरूरी फोन नंबर और ईमेल भी रही आखिर सेहत का मामला रहा। कानून का पूरा पालन करते हुए यह भी छापा गया था कि एक ग्राम एक रुपया ग्यारह पैसे का है ताकि खाने का म?ा लेते हुए जानकारी खुशी देती रहे कि कितनी महंगी चीज खा रहे हैं। स्वास्थ्यवर्धक सूचना भी दी गई थी कि नवरतन मिक्स सौ प्रतिशत रोस्टेड है नो फ्राई।

दूसरे कंटेनर में स्ट्रॉबेरी ब्लास्ट यानी स्ट्रॉबेरी धमाका था जिसे सेंसेशन भी बताया गया था। स्ट्रॉबेरी और दूसरी चीजों का मिश्रण यह स्वादिष्ट धमाका 135 रूपए का 80 ग्राम रहा यानी 1690 रूपए किलो। तीसरी डिबिया में प्रोटीन रिच बीटन चना, जिसे हिंदी में पीटा हुआ चना कहते हैं। यह 60 रुपए का साठ ग्राम यानी सिर्फ छ सौ रूपए किलो रहा। सबसे प्रभावशाली रहा, 'पोटैटो फ्लेक्स टेंगी मसाला'। इसका दाम पढ़कर मेरी सेहत पर काफी असर पड़ा। चालाक बाजार एक ग्राम आलू दो रूपए में खिला रहा है यानी खर्चने की खुशी दोगुना गुना बढ़ जाए और गर्व महसूस हो कि हमने भी कुछ जबर्दस्त खाया है।

इस उपहार के निर्माता से बात करते तो वह खुले दिल से जोर से हंसकर ऐसे कहते, हमारा तो कर्तव्य यही है। हर चीज को शानदार पैक कर उसे ऐसा बना देना कि लोग कहें क्या पैकिंग की है। ऐसे चीज नहीं पैकिंग बिकती है। अगर बिकनी शुरू हो जाए तो फिर नाम बिकने लगता है। मैं उससे पूछता कि आपने 20 ग्राम आलू, चालीस रूपए के बेच दिए यानी एक किलो आलू दो हजार रूपए के यानी एक ग्राम... । वो बोलता, सर मैं बताता हूं, एक ग्राम दो रूपए के। मैं पूछता, किस रेट से खरीदते हो तो वो बेशर्म होकर बोलता, सर हर धंधे के गुर और राज होते हैं। असली चीज तो बेचने का मसाला होता है जो सब कुछ बिकवाता है।

**उपहार स्वास्थ्य और खुशी के लिए रहा इसलिए मैंने जल्दी से एक डिब्बी निकाली, साथ में नकली तीखी इतर की गंध फिर डिब्बे से बाहर निकल आई। रबर के ढक्कन वाली सुन्दर कंटेनर में 45 ग्राम नवरतन मिक्स रहा जो सिर्फ पचास रु का रहा यानी सिर्फ 1110 रुपए का एक किलो।**

इस किस्म की चीजें, सेहत और खुशी बनाए रखने के लिए खानी जरूरी हैं। एक बार मिली जिंदगी में स्वास्थ्य और खुशी बारे ज्यादा सवाल नहीं करने चाहिएं। पैसा तो क्रेडिट कार्ड की मैल है।– **संतोष उत्सुक**

## राशिफल

भाद्रपद माह, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी

(विक्रम संवत् 2082)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
घरेलू सुख बाधित रहेगा। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी में थोड़ी सी परेशानी या बहुत अच्छा नहीं होगा।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
स्वयं के स्वास्थ्य और अपनों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। व्यापारिक स्थिति मजबूत होगी। स्वास्थ्य अच्छा है।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
धन की चिंता सताएगी। गर्मजोशी नहीं रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
स्वास्थ्य बुझा-बुझा सा रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी रहेगी। व्यापार भी अच्छा रहेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
खर्च की अधिकता रहेगी। मानसिक परेशानी बनी रहेगी। प्रेम-संतान अच्छा रहेगा। व्यापार भी लगभग ठीक रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
आय में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। यात्रा बहुत लाभप्रद नहीं होगा। प्रेम-संतान मध्यम रहेगा। व्यापार लगभग ठीक रहेगा।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
कोर्ट-कचहरी से बचें। अभी मनमुताबिक परिणाम नहीं आएगा। राजनीतिक स्थिति मध्यम रहेगी।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
भाग्य पर भरोसा करके कोई काम न करें। मध्यम भाग्य का निर्माण होगा। यात्रा अभी छोड़ दें, न करें।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
परिस्थितियां प्रतिकूल रहेंगी। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। वाहन धीरे चलाएं।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
स्वयं के स्वास्थ्य पर और जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी चाकरी की स्थिति मध्यम रहेगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
खर्च की अधिकता रहेगी, यद्यपि शुभ कार्यों में खर्च होगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम है।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में तूतू-मैंमैं से बचें। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक दें। भावुकता पर काबू रखें।

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाँधी की जयंती मनाई

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय बिसरख ग्रेटर नोएडा वेस्ट पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 राजीव गांधी की 81 वीं जन्म जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर 'राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता' गोष्ठी कर उन्हें नमन किया गया।



जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर उपस्थित जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 श्री राजीव गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने भारत रत्न स्व0 राजीव गांधी को आधुनिक भारत निर्माता और युग दृष्टा संबोधित करते हुए परिचर्चा शुरू कर उन्हें याद किया। वर्तमान पंचायतीराज व्यवस्था में मतदान की उम्र को 18 वर्ष कर राजीव गांधी ने भारत में लोकतांत्रिक क्रांति लाने का काम किया, सूचना और प्रौद्योगिकी में उनका योगदान आज पूरी दुनिया समझती और मानती है। अपने कार्यकाल के दौरान देश की महिलाओं, किसानों, गरीबों की बेहतरी के लिए उनके द्वारा दिया गया योगदान व नेतृत्व देश कभी भूल नहीं सकता है।

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व0 श्री राजीव गांधी ने सामाजिक व धार्मिक सौहार्द की अनूठी मिसाल पेश की व साम्प्रदायिक ताकतों को हमेशा न सिर्फ चेताया बल्कि देश को एक रखने के संघर्ष में अपनी शहादत भी दी, ऐसे शहीद नेता को हम कांग्रेस कार्यकर्ता बारम्बार नमन करते हैं।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में गौतम सिंह, देवेश चौधरी, मुकेश शर्मा, गौतम अवाना, धर्म सिंह बाल्मीकि, पुनीत मावी, सचिन शर्मा, विपिन त्यागी, रमेश वाल्मीकि, सुबोध भट्ट, ओमकार राणा, धीरे वाल्मीकि, बिन्नू नेता जी, हितेश कुकरेजा, नवीन, इंद्रेश, संजय कुमार, रमेश चंद्र जीनवाल, मेहर चंद, जगदीश सिंह, रवि सिंह, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शारदा विश्वविद्यालय में गर्भवती महिलाओं और शिशुओं की देखभाल के महत्व पर सेमिनार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेनो के नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च के रेडियोलॉजी विभाग और सोसायटी ऑफ फीटल मेडिसन ने बुधवार को सेमिनार का आयोजन किया। इस दौरान डॉक्टरों ने गर्भवती महिलाओं और शिशुओं की देखभाल के महत्व पर चर्चा की।विशेषज्ञों ने बताया कि गर्भ में पल रहे शिशु की आनुवांशिक बीमारियों को गर्भावस्था के दौरान डॉक्टर द्वारा अल्ट्रासाउंड, कुछ जांच और सावधानी बरतने से ठीक किया जा सकता है।

सेमिनार में सोसायटी ऑफ फीटल मेडिसिन के वाइस प्रेसिडेंट डॉ कृष्ण गोपाल ने बताया कि गर्भ में पल रहे बच्चो को हर खतरे से फीटल मेडिसिन बचाती है। अल्ट्रासाउंड के जरिए गर्भ में पल रहे बच्चों के बारे में जानकारी मिलती है। इस आधार पर उनका इलाज भी किया जाता है। उन्होंने



कहा अब गर्भवती महिलाओं को विशेष रुप से सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्हें समय-समय पर ब्लड प्रेशर से लेकर जच्चा बच्चा की जांच जरूरी है। इसमें हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के दौरान मां और बच्चे की स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाता है और किसी भी तरह की परेशानी होने पर समय रहते इलाज किया जाता है। फीटल मेडिसिन का ट्रेंड धीरे-धीरे बढ़ रहा है। प्रतिवर्ष देश में हजारो महिलाओं व गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो रही है।

शारदा अस्पताल के एमएस डॉ राममूर्ति ने कहा कि भारत में मैटरनल मोर्टालिटी और पेरिनेटल मोर्टालिटी दर बहुत ज्यादा है। इस मृत्यु दर के आधार पर ही किसी भी देश या राज्य के विकास का पता चल जाता है। फीटल मेडिसिन एक ब्रांच है जो 12 हफ्ते में के अंदर गर्भ में पल रहे बच्चे के बारे में यह पता कर सकती है कि किस मां और गर्भ में पल रहे किस बच्चे में ज्यादा समस्याएं है । इस विधि से शुरुआत में ही उसका इलाज कर सकते हैं और उन्हें बताया जा सकता है कि आगे समस्याएं आ सकती हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सावधानी भरे कदम पहले ही उठाए जा सकते हैं। गांव से आने वाली गर्भवती महिलाओं को बहुत कुछ मालूम नहीं होता है।जरूरत है कि हम गांवों में जाकर लोगों को जागरूक करें और गर्भावस्था से जुड़ी समस्याओं और इलाज के बारे में उन्हें बताएं। इस दौरान डॉ निरुपमा गुप्ता, डॉ शबनम ग्रोवर,डॉ विशाल गुप्ता,डॉ अमित गुप्ता, डॉ सौरव भगत,डॉ किंजल, डॉ रुपांशी जैन, डॉ अजय साहनी,डॉ सक्षम शर्मा, डॉ संदीप, डॉ शुभम पटेल समेत विभिन्न डॉक्टर मौजूद रहे।

# आरडब्लूए सैक्टर-47 का चुनाव सम्पन्न



**नोएडा (चेतना मंच)।** आरडब्लूए सैक्टर-47 में चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर प्रवेश शर्मा, अशोक भाटी, उपाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय चौहान, महासचिव बसंत सिंह बसल उप महासचिव ज्ञानेश्वर प्रकाश सह सचिव अमित कुमार जैन कोषाध्यक्ष रमेश चंद जैन बी ब्लॉक सदस्य सुयाश मेमगेन सी ब्लॉक सदस्य यूएस शुक्ला सदस्य पद पर विजयी हुए।

संपूर्ण कार्यकारणी ने सभी सेक्टरवासियों का दिल से धन्यवाद दिया आरडब्लूए सेक्टर 47 के अध्यक्ष ओर महासचिव संजय चौहान ने कहा जो विश्वास मुझे पर जताया है में उसपर खरा उतरने की कोशिश करूंगा जो विश्वास हम पर निवासियों ने जताया है हम उस पर विश्वास दिलाते है संपूर्ण सेक्टर मे विकास कार्य किया जाएगा जो वायदे हमने किए थे वो सभी को हल करने की कोशिश करेंगे चुनाव बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ है।

# इलम सिंह नागर बने सेवानिवृत्त शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष


**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, गौतमबुद्धनगर में प्रदेश नेतृत्व एवं मंडल नेतृत्व के आदेशानुसार मंडल अध्यक्ष मेघराज भाटी द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष के रूप में इलम सिंह नागर की घोषणा की गई।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने इलम सिंह नागर को शुभकामनाएं देते हुए पूर्ण आशा व्यक्त की की सेवानिवृत शिक्षकों की समस्याओं को मजबूती से उठाकर उनका समाधान करवाने में इलम सिंह नागर जी सक्षम है और उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गौतम बुद्ध नगर को भी मजबूती मिलेगी। इस गरिमामयी अवसर पर जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं साथियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। कार्यक्रम में विशेष रूप से मंडल



अध्यक्ष मेघराज भाटी, जिला संरक्षक अशोक शर्मा, जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, जिला मंत्री गजन भाटी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष बलेराम नागर, ब्लॉक अध्यक्ष जेवर हेमराज शर्मा, दनकौर ब्लॉक अध्यक्ष सतीश पीलवान, ब्लॉक मंत्री दनकौर रामकुमार शर्मा, दादरी ब्लॉक अध्यक्ष रवि भाटी, ब्लॉक मंत्री मनीषा मथुरिया, बिसरख ब्लॉक अध्यक्ष स्मिता सिंह, सहित विनोद ठाकुर, शशि मिश्रा, सीमा तिवारी, सुरेश नागर, सतीश नागर, कुलदीप नागर, जगबीर शर्मा, भूपेंद्र नागर आदि सैकड़ों शिक्षक साथियों की उपस्थिति रही। सभी ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष श्री इलम सिंह नागर जी को शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व में संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

## कविता



डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी (राही)
ज्ञानपुर (भदोही)

**आज मैंने सबेरे सबेरे अपने एक मित्र से पूछा-**
**भाई साहब जीने का कुछ उपाय बतायेंगे?**
**उसने कहा-**
**पहले समस्या क्या है, कुछ समझायेंगे ?**
**मैंने बताया -**
**समाज में उपेक्षित, घर में पागल कहा जाता**
**हूं ,इस तरह कैसे जिएं ?**
**मित्र ने कहा -**
**ग़म खायें और पानी पिएं ।**
**इतने से मन न भरे तो,**
**बाजार जायें**
**एक समोसा खायें दो कोका कोला पियें**
**ऐसा एक हफ्ते करें**
**घर वाले घबरा कर मनाने आएंगे,**
**आपको सम्मान सहित बुलायेंगे ।**
**मैंने कहा तब तक तो हम मर जाएंगे।**
**उसने कहा तो किसी का क्या लेकर जायेंगे।**

# भाकियू बलराज ने फेस-2 थाने पर डाला डेरा



**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय किसान यूनियन (बलराज) के कार्यकर्ता आज एक व्यक्ति की गिरफ्तारी की मांग को लेकर फेस-2 थाने पर पहुंचे और धरना देना शुरू कर दिया।

फेस-2 स्थित एक कंपनी प्रबंधन पर यूनियन के एक कार्यकर्ता ने पैसे के लेनदेन को लेकर मुकदमा पंजीकृत करवाया है। मुकदमा पंजीकृत होने के बाद भी कंपनी प्रबंधन की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर रही है जिससे नाराज होकर यूनियन के लोग आज फिर थाने पर धरना देना शुरू कर दिया।

यूनियन की महिला विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा सिवल ने कहा कि पुलिस की मनमानी एवं उदासीनता से तंग आकर हम आज धरने पर बैठने के लिए विवश हो गए। उन्होंने कहा जब तक हमारी मांग पूरी नहीं हो जाती हम धरने पर बैठे रहेंगे।

यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हातम सिंह भाटी ने कहा कि पुलिस आरोपी को बचाने के काम में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि जब तक पीरियड को न्याय नहीं मिल जाता हमारा धरना निरंतर जारी रहेगा।

धरने में मौजूद लोगों में मुख्य रूप से विपिन खारी, रामवीर भाटी, मनीष पीलवान,फहीम मंसूरी, आशीश नागर, एमडीखान आदि लोग मौजूद रहे।

## भाजपा का एजेंट है चुनाव आयोग : भाटी

**नोएडा (चेतना मंच)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुभाष भाटी ने कहा है कि चुनाव आयोग



भाजपा का एजेंट है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयुक्त भाजपा के प्रवक्ता बन गए हैं और विपक्ष की बात सुनने को राजी नहीं है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया तो सरकार ने पार्टी के नेताओं के घर पर पुलिस का पहरा लगा दिया यह कहां का लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र का गला घोटने का काम कर रही है।







**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदो के लिए ई – निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र.सं. | निविदा सं. | संछिप्त विवरण | मात्रा | अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82255048 | सप्लाई लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन | 340008.00 cum | 04.09.2025 |

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस सं. इंजेक्शन और दवाएं दिनांक: 14.08.2025 2536/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**गया जं. – दिल्ली जं. – गया जं. के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेल सेवा का शुभारम्भ**

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा गया जं. – दिल्ली जं. – गया जं. के बीच नई (द्वि–साप्ताहिक) अमृत भारत रेल सेवा सं. 13697 / 13698 का शुभारम्भ किया जा रहा है। इस अमृत भारत सेवा की समय–सारणी निम्नानुसार है:–

**रेलगाड़ी सं. 13697/13698 गया जं. – दिल्ली जं. – गया जं. अमृत भारत एक्सप्रेस (द्वि–साप्ताहिक)**

| रेलगाड़ी सं.: 13697 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 13698 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 16:30 | गया जं. | 08:55 | --- |
| 17:08 | 17:10 | अनुग्रह नारायण रोड | 07:43 | 07:45 |
| 17:24 | 17:26 | डेहरी ऑनसोन | 07:25 | 07:27 |
| 17:44 | 17:46 | सासाराम | 07:07 | 07:09 |
| 18:16 | 18:18 | भभुआ रोड | 06:30 | 06:32 |
| 19:45 | 19:55 | पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. | 05:45 | 05:55 |
| 22:55 | 23:00 | सूबेदारगंज | 01:10 | 01:15 |
| 01:35 | 01:40 | गोविंदपुरी | 19:55 | 20:00 |
| 05:55 | 06:00 | टूंडला जं. | 16:50 | 16:55 |
| 11:05 | 11:07 | गाजियाबाद जं. | 14:40 | 14:42 |
| 12:00 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 14:00 |

चलने के दिन : 13697 गया जं. से प्रत्येक रविवार व बृहस्पतिवार को दिनांक 28.08.2025 से अगले आदेश तक एवं 13698 दिल्ली जं. से प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को दिनांक 29.08.2025 से अगले आदेश तक।
स्थान : शयनयान एवं सामान्य।

नोटः इस रेल सेवा की उद्घाटन यात्रा (एक तरफा फेरा) का शुभारम्भ दिनांक 22.08.2025 को विशेष गाड़ी संख्या 03621 के रूप में गया जं. स्टेशन से प्रातः 10:50 बजे होगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट नं0–1, सैक्टर के0पी0–4, ग्रेटर नौएडा सिटी, गौतमबुद्ध नगर – 201308, उ0प्र0
वेबसाइट : www.greaternoidaauthority.in, ई–मेल : authority@gnida.in

पत्रांक: वरि0प्र0/(ई–निविदा सेल)/2025/649 दिनांक: 19/08/2025

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

महाप्रबंधक (अभियन्त्रण) ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा की ओर से ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–वरि0प्र0/(ई–निविदा सेल)/2025/648 दिनांक 19/08/2025 के माध्यम से उल्लेखित क्रम संख्या–01 से 11 तक के कार्य की ई–निविदायें आमन्त्रित की जाती है। समस्त नियम व शर्तें ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट www.greaternoidaauthority.in पर ई– निविदा लिंक एवं ई–पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइटें देखते रहें।

| क्र.सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| निर्माण का कार्य | | |
| 1. | ग्रेटर नोएडा के ग्राम खेरली हाफिजपुर में शमशान घाट के पहुच मार्ग पर इंटरलॉकिंग टाइल्स एवं ड्रैन का कार्य। (वर्क सर्किल–8) | रू 24.56 लाख |
| 2. | ग्राम खेड़ी में नाले, सी0सी0 रोड एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल–2) | रू 67.53 लाख |
| 3. | ग्रेटर नोएडा के आई.टी.बी.पी. रोटरी का नवीनीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। (वर्क सर्किल–5) | रू 94.83 लाख |
| 4. | ग्राम सलेमपुर गुर्जर, घंघौला, रौनी, अस्तौली, नवादा, पंचायचन एवं देवटा में 09 नग ई–लाइब्रेरी/सामाजिक प्रयोजन भवन का नवीनीकरण कार्य। (वर्क सर्किल–8) | रू 78.59 लाख |
| 5. | ग्रेटर नोएडा के सैक्टर–2 में 12 मीटर चौड़ी सड़क का रिसरफेसिंग और आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल–3) | रू 111.27 लाख |
| 6. | ग्राम हतेवा, नवादा, बिसायच, और घंघौला में, ई–लाइब्रेरी/सामाजिक प्रयोजन भवन का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल–8) | रू 131.64 लाख |
| 7. | ग्रेटर नोएडा के ग्राम बिसायच में मुख्य सड़क का रखरखाव एवं आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। (वर्क सर्किल–8) | रू 255.15 लाख |
| अनुरक्षण कार्य | | |
| 8. | ग्रेटर नोएडा के सैक्टर बीटा–1 में स्टॉफ क्वाटर का तीन वर्षो का विविध अनुरक्षण का कार्य। (वर्क सर्किल–5) | रू 67.90 लाख |
| विद्युतीकरण का कार्य | | |
| 9. | ग्रेटर नोएडा के सैक्टर फाई–4 के एस सी/एस टी बालक छात्रावास के आन्तरिक विद्युत कार्य की रिवायरिंग और रखरखाव का कार्य। (वर्क सर्किल–ईएण्डएम–2) | रू 19.56 लाख |
| 10. | ग्रेटर नोएडा के जी0बी0यू0 रोड के टी पॉइट पर बैक रेगुलेटर पंप हाउस का नवीनीकरण, संचालन एवं रखरखाव का कार्य। (वर्क सर्किल–ईएण्डएम–2) | रू 42.55 लाख |
| 11. | ग्रेटर नोएडा के विभिन्न ग्रामों में (अवशेष कार्य) में एल0ई0डी0 स्ट्रीट लाईट स्थापित करने का कार्य। (वर्क सर्किल–ईएण्डएम–2) | रू 219.10 लाख |

क्रम सं0–01, 02, 03, 04, 05, 06, 08, 09 एवं 10 पर अंकित कार्यो को दिनांक 21.08.2025 से 01.09.2025 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 03.09.2025 को 11:00 बजे खोली जाएगी एवं क्रम सं0-7 एवं 11 पर अंकित कार्यो को दिनांक 21-08-2025 से 03-09-2025 को 5:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 05.09.2025 को 11:00 बजे खोली जाएगी।

**वरिष्ठ प्रबंधक (ई–निविदा सेल)**

Follow Us On / OfficialGNIDA



**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर)**

पत्रांक:876/निर्माण/न0पा0परि0दा0/2025–26 दिनांक: 20.08.2025

**ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतगबुद्धनगर) द्वारा स्वच्छ भारत मिशन /राज्य वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत 01 निर्माण /विकास कार्य की ई–निविदा उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेन्ट की वेवसाईट www.etender.up.nic.in के माध्यम से स्वायत्त निकाय /पब्लिक सेक्टर विभाग /राज्य सरकार/ केन्द्र सरकार /अन्य सरकारी विभाग में ई0/डी0 श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप ठेकदारा /फर्मों से प्रतिशत आधार दरों पर दिनांक 01.09.2025 को समय सांय 05.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्या के लिए ई–निविंदा दे सकता है। ई–निविदाओं का विस्तृत विवरण–निविदा प्रपत्र, निविदा शुल्क एवं नियम–शर्तें आदि उत्तर प्रदेश की ई–प्रिक्योरमेन्ट की वबेवसाईट www.etender.up.nic.inपर उपलब्ध रहेगा। यदि ई–निविदा खोलन की तिथि को सक्षम अधिकारी की अनुपलब्ता होने के कारण या सार्वजनिक अवकाश घोपित होने पर ई–निविदा अगल कार्यदिवस में खोली जायेंगी।

| निविदा की समय सारणी (www.etender.up.nic.in पर) | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर ई–निविदा प्रकाशन की तिथि/समय | दिनांक 22.08.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे से |
| 2 | ई–निविदा डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | दिनांक 22.08.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे से |
| 3 | ई–निविदा डाउनलोड/अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | दिनांक 01.09.2025 को सायं 05:00 बजे तक |
| 4 | ई–निविदा की तकनीकी बिड खोलने की तिथि/समय | दिनांक 02.09.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे से |

नोट:– ई–निविदा संशोधन की सूचना/जानकारी हेतु ई–प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in बेबसाईट को लगातार देखते रहें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, दादरी**
**(गौतमबुद्धनगर)**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, दादरी**
**(गौतमबुद्धनगर)**

शिवसेना यूबीटी-मनसे गठबंधन को झटका

# बेस्ट क्रेडिट सोसाइटी चुनाव में ठाकरे बंधुओं को मिली करारी हार



मुंबई, 21 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी और मनसे गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। बेस्ट एम्प्लॉइज कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड के चुनाव में ठाकरे बंधुओं को करारी हार का सामना करना पड़ा है। चुनाव में शिवसेना यूबीटी और मनसे के पैनल को सभी 21 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। हाल ही में शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे और मनसे प्रमुख राज ठाकरे साथ आए थे। ऐसा माना जा रहा है दोनों पार्टियां मुंबई नगर निगम चुनाव साथ में लड़ने की तैयारी कर रही हैं। इससे पहले बेस्ट क्रेडिट सोसाइटी चुनाव में मिली हार ने गठबंधन को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मुंबई नगर निगम बेस्ट के कर्मचारियों से जुड़ी हाई-प्रोफाइल सहकारी ऋण समिति के चुनाव के लिए सोमवार को मतदान हुआ। मतगणना मंगलवार को शुरू हुई और देर रात तक जारी रही। चुनाव में पांच पैनल थे। इसमें एक शशांकराव का पैनल था। जबकि महायुति समर्थित सहकार समृद्धि पैनल था। जबकि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) और शिवसेना (यूबीटी) ने उत्कर्ष नाम से पैनल बनाकर प्रत्याशी उतारे थे। शिवसेना (यूबीटी) ने 18, मनसे ने दो और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति संघ (एससीएसटी) से एक उम्मीदवार मैदान में उतारा।

चुनाव में शशांक राव के पैनल को अधिकतम 14 सीटें मिलीं। जबकि सहकार समृद्धि पैनल ने सात सीटें अपने नाम कीं। इसके अलावा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) और शिवसेना (यूबीटी) ने उत्कर्ष पैनल को एक भी सीट नहीं मिली। बेस्ट कामगार सेना (सेना-यूबीटी से संबद्ध) के अध्यक्ष सुहास सामंत ने बताया कि उनके सभी 21 उम्मीदवारों की हार चौंकाने वाली है। इस चुनाव में धन का बोलबाला रहा।

नौ साल की सत्ता हाथ से फिसली बेस्ट इंपलॉइज कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड में नागरिक उपक्रम के मौजूदा और पूर्व कर्मचारी सदस्य हैं, जो निर्वाचक मंडल का गठन करते हैं। इस क्रेडिट सोसायटी के 15,000 से अधिक सदस्य हैं और कई वर्षों तक इस पर नौ साल तक शिवसेना यूबीटी से जुड़ी बेस्ट कामगार सेना का प्रभुत्व रहा है। इससे पहले शिवसेना (यूबीटी) और मनसे के नेताओं ने कहा था कि बेस्ट (बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति और परिवहन) उपक्रम में मनसे के पास पर्याप्त ताकत नहीं है, लेकिन इस चुनाव ने दोनों दलों को शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकायों के व्यापक चुनावों से पहले अपने संयुक्त प्रभाव का परीक्षण करने के लिए एक मंच प्रदान किया। इससे लोगों को दोनों दलों की एकता के बारे में राजनीतिक संदेश देने में भी मदद मिली।

'ठाकरे ब्रांड' असफल रहाः भाजपा बेस्ट क्रेडिट सोसाइटी चुनाव में शिवसेना यूबीटी और मनसे पैनल की हार पर भाजपा ने तंज कसा। भाजपा ने कहा कि बेस्ट कर्मचारी सहकारी ऋण सोसाइटी चुनाव में शिवसेना-मनसे पैनल की हार ने ठाकरे भाइयों को दिखा दिया है कि वे कहां खड़े हैं? ठाकरे ब्रांड शून्य हो गया है। उनका पैनल 21 में से एक भी सीट नहीं जीत पाया। भाजपा एमएलसी प्रसाद लाड ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि बेस्ट कर्मचारी सहकारी ऋण समिति के चुनाव में ठाकरे ब्रांड शून्य साबित हुआ। ब्रांड के मालिक एक भी सीट नहीं जीत सके।

# दिल्ली के 50 स्कूलों को बम की धमकी मिली

**प्रशासन ने स्कूल खाली करवाए, बम स्क्वॉड पहुंचा; 2 दिन पहले भी मिले थे ईमेल**

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के करीब 50 स्कूलों को बुधवार सुबह ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली। इनमें द्वारका के राहुल मॉडल स्कूल और मैक्सफोर्ट स्कूल, मालवीय नगर का एसकेवी और प्रसाद नगर का आंध्रा स्कूल शामिल हैं।

दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, सुबह 7:40 बजे मालवीय नगर के एसकेवी और 7:42 बजे आंध्रा स्कूल में धमकी की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की टीमें मौके पर पहुंचीं। तलाशी में कोई विस्फोटक नहीं मिला। इस घटना से बच्चों के परिजन घबरा गए। कुछ स्कूलों ने सुरक्षा के चलते ऑनलाइन क्लास शुरू कर दी। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि ईमेल कहां से भेजे गए और इसके पीछे कौन लोग हैं। इससे पहले 18 अगस्त को भी दिल्ली के 32 स्कूलों को इसी तरह की धमकी मिली थी, जिसके बाद उन्हें खाली कराना पड़ा था।

# 1 सितंबर को पेश होगा राजा रघुवंशी मर्डर का चालान

## मेघालय पुलिस आखिरी सबूत जुटाने इंदौर पहुंची मोबाइल दुकानदारों से पूछताछ करेगी



इंदौर, 21 अगस्त (एजेंसियां)। इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड में मेघालय पुलिस 1 सितंबर को शिलॉन्ग कोर्ट में चालान पेश कर सकती है। इसी सिलसिले में सबूत जुटाने के लिए मेघालय पुलिस की एक टीम मंगलवार देर शाम इंदौर पहुंची है। टीम स्थानीय क्राइम ब्रांच के संपर्क में है और हत्याकांड में इस्तेमाल मोबाइल फोनों से संबंधित जानकारी जुटा रही है।

मेघालय पुलिस के पास आरोपियों के तीन मोबाइल फोन के बिल और दुकानदारों की जानकारी है। आज इन दुकानदारों से पूछताछ की जा सकती है। फिलहाल, जेल में बंद किसी भी आरोपी का निजी वकील सामने नहीं आया है। हालांकि, राजा रघुवंशी के परिजन को जानकारी मिली है कि सोनम के परिवार ने उसके लिए एक वकील नियुक्त किया है। राजा के परिजन के अनुसार, उनके वकील को चालान पेश होने की सूचना मिल चुकी है। वे फिलहाल आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर आपत्ति दर्ज करवा रहे हैं। एक सप्ताह पहले भी सभी आरोपियों की ओर से जमानत याचिकाएं लगाई गई थीं। तब भी राजा के परिवार के वकील ने कोर्ट में उपस्थित होकर जमानत का विरोध किया था।

**शिलॉन्ग में खाई में मिला था राजा का शव**

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की 11 मई को सोनम के साथ शादी हुई थी। 20 मई को राजा और सोनम हनीमून के लिए इंदौर से मेघालय रवाना हुए थे। 22 मई को दोनों सोहरा की यात्रा पर निकले थे। उन्होंने एक एक्टिवा भी किराए पर ली थी।

पेड़ काटने वाले हथियार से की गई राजा की हत्या 24 जून को नव दंपती से परिवार का संपर्क टूट गया था। 27 मई से दोनों की सर्चिंग शुरू की गई। 29 मई को तेज बारिश के कारण सर्चिंग रोकनी पड़ी थी। इसके बाद 30 मई को दोबारा सर्चिंग शुरू की गई। 2 जून को खाई में राजा का शव मिला। 3 जून को राजा की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में पता चला कि उसकी हत्या पेड़ काटने वाले हथियार से की गई थी।

**सोनम यगाजीपुर स्थित एक ढाबे पर मिली थी**

इसके बाद पुलिस सोनम की तलाश में जुट गई। 9 जून को सोनम यूपी के गाजीपुर स्थित एक ढाबे पर मिली थी। इसके बाद परत-दर-परत मामले में कई खुलासे हुए। इन खुलासों ने रघुवंशी परिवार सहित सभी को चौंका दिया था। इसमें मामले में पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से तीन की जमानत हो चुकी है।

# 'एनडीए को बहुमत पर भरोसा नहीं इसलिए विपक्ष से कर रहे संपर्क'



मुंबई, 21 अगस्त (एजेंसियां)। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) के नेता संजय राउत ने बुधवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले एनडीए को अपनी संख्याबल पर भरोसा नहीं है। इसी कारण एनडीए के नेता विपक्षी दलों से समर्थन मांग रहे हैं। राउत ने सवाल उठाया कि जब बहुमत आपके पास है, तो विपक्ष से समर्थन की जरूरत क्यों पड़ रही है। दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने कहा कि विपक्षी गठबंधन का संख्याबल भी मामूली नहीं है। विपक्ष ने पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज बी. सुधर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है, जबकि भाजपा की ओर से महाराष्ट्र के राज्यपाल रह चुके सी.पी. राधाकृष्णन को मैदान में उतारा गया है। राउत ने दावा किया कि भाजपा नेताओं ने कई विपक्षी दलों से आधिकारिक तौर पर संपर्क किया और वोट की अपील की।

'अगर बहुमत है तो संपर्क की जरूरत क्यों?'

राउत ने सीधे सवाल उठाया कि अगर एनडीए को संसद में बहुमत का भरोसा है, तो विपक्षी नेताओं से संपर्क करने की मजबूरी क्यों पड़ी। उन्होंने कहा कि यह साफ संकेत है कि एनडीए की स्थिति उतनी मजबूत नहीं है जितनी दिखाने की कोशिश की जा रही है। राउत ने आरोप लगाया कि इस बार भी सत्ताधारी गठबंधन अपनी राजनीतिक ताकत दिखाने से पहले विपक्ष से संवाद करने में नाकाम रहा।

# वायुसेना अफसर बोले-40 साल के अभ्यास के बाद मौका

> आत्मनिर्भरता-तकनीक देश की सुरक्षा की बुनियाद




नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय वायुसेना के दक्षिण-पश्चिमी एयर कमांड के प्रमुख एयर मार्शल नागेश कपूर को देश के राष्ट्रपति द्वारा 'सर्वोत्तम युद्ध सेवा मेडल' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान युद्धकालीन सेवाओं में दिए गए सबसे विशिष्ट योगदान के लिए दिया जाता है और यह भारतीय सेना का सबसे बड़ा युद्धकालीन सम्मान है। एयर मार्शल कपूर ने इस सम्मान के लिए खुशी जाहिर की। साथ ही इस सम्मान को सभी सैनिकों का सपना बताया।

उन्होंने कहा कि यह सम्मान मेरे सैन्य जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह ऐसा ताज है, जो हर सैनिक अपने करियर में पाने का सपना देखता है। जब सरकार और देश के लोग आपको यह मान्यता देते हैं कि आपने युद्ध के दौरान देश के लिए कुछ अहम किया है, तो उससे बड़ा संतोष कुछ नहीं हो सकता। एयर मार्शल कपूर ने बताया कि यह सम्मान उन्हें 'ऑपरेशन सिंदूर' में भूमिका के कारण मिला है। उन्होंने कहा कि हमारी ट्रेनिंग, हमारी तैयारी, सब कुछ ऐसे ही किसी मौके के लिए होती है। और जब 40 साल की मेहनत के बाद एक मौका मिलता है कि आप अपना अनुभव देश के लिए इस्तेमाल कर पाएं और उसमें सफलता मिले, तो वह भाव शब्दों में नहीं बताया जा सकता।

**तकनीकी दक्षता की जरूरत**

एयर मार्शल कपूर ने कहा कि आज की बदलती भूराजनीतिक स्थितियों में देश को आत्मनिर्भर बनना बहुत जरूरी है। कभी भी सप्लाई चेन टूट सकती है, इसलिए हमें आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में युद्ध सिर्फ हथियारों से नहीं, तकनीक से भी लड़े जाएंगे। आज के नए अधिकारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनना होगा।

**दक्षिण-पश्चिमी एयर कमांड की भूमिका**

उन्होंने यह भी बताया कि दक्षिण-पश्चिमी एयर कमांड ने कैसे दुश्मन के एयरफील्ड्स और रडार्स पर हमला किया। हमने 7 मई की रात को ही जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी थी। हालांकि यह सब वेस्टर्न एयर कमांड के साथ मिलकर किया गया था। हमारा उद्देश्य भारतीय वायुसेना की संयुक्त ताकत को दिखाना था। इसके साथ ही अंत में एयर मार्शल कपूर ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र किया।

ममता का आरोप

# 130वां संविधान संशोधन विधेयक भारत में हमेशा के लिए लोकतंत्र को खत्म कर देगा



नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को संविधान (130वां संशोधन) विधेयक 2025 की निंदा करते हुए आरोप लगाया कि यह ₹आपातकाल से भी बड़ा₹ कदम है और भारत में लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए ₹खत्म₹ कर देगा। ममता बनर्जी की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब केंद्र सरकार ने बुधवार को संसद में तीन संविधान संशोधन विधेयक पेश किए है। इस विधेयक के तहत किसी प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री या किसी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के मंत्री को गंभीर आपराधिक आरोपों में लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार या हिरासत में रखने पर पद से हटाया जा सकेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉरम एक्स पर तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने एक पोस्ट शेयर कर दावा किया कि प्रस्तावित कानून देश की न्यायपालिका की स्वतंत्रता को खत्म कर देगा।

**केंद्र सरकार पर साधा निशाना**

उन्होंने कहा कि मैं भारत सरकार द्वारा आज पेश किए जाने वाले 130वें संविधान संशोधन विधेयक की निंदा करती हूं। मैं इसे एक ऐसे कदम के रूप में निंदा करती हूं जो किसी आपातकाल से भी बढ़कर है और भारत के लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए समाप्त करने वाला कदम है। यह कठोर कदम भारत में लोकतंत्र और संघवाद के लिए मृत्यु-घंटी है। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया, इस विधेयक का उद्देश्य 'एक व्यक्ति-एक दल-एक सरकार' की व्यवस्था को मजबूत करना है।

# सूरत में मालिक ने करवाए 32 करोड़ के हीरे चोरी

सूरत, अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात के सूरत शहर में 32 करोड़ के हीरा चोरी केस का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। इस मामले में मुख्य आरोपी कंपनी का मालिक ही निकला। मालिक ने बीमा की रकम हड़पने के लिए यह पूरी साजिश रची थी। साजिश में आरोपी ने अपने दोनों बेटों, ड्राइवर और उसके दो साथियों को शामिल किया था।

**10 लाख रुपए देकर करवाई थी चोरी**

कापोद्रा पुलिस और क्राइम ब्रांच ने मिलकर इस बड़े फर्जीवाड़े का भंडाफोड़ किया है। कापोद्रा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, डीके एंड संस डायमंड कंपनी के मालिक देवेंद्रकुमार चौधरी ने पूछताछ में बताया है कि उस पर कर्ज बढ़ गया था। इसी के चलते उसने इस साजिश को अंजाम दिया। चोरी के लिए ड्राइवर और उसके दो साथियों को 10 लाख रुपए देने की डील हुई थी। एडवांस में 5 लाख रुपए दे भी दिए थे।

# ट्रेन से लापता युवती अर्चना 12 दिन बाद मिली

## भोपाल जीआरपी ने यूपी में नेपाल बॉर्डर के पास से किया बरामद, युवती ने परिजन से किया था संपर्क



ग्वालियर, 21 अगस्त (एजेंसियां)। इंदौर से कटनी के बीच नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच से लापता छात्रा अर्चना तिवारी (29) 12 दिन बाद यूपी में मिली है।

भोपाल जीआरपी एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि अर्चना तिवारी को नेपाल बॉर्डर के पास यूपी के लखीमपुर खीरी से बरामद कर लिया है। उसे लेकर टीम रवाना हो गई है। 12 दिन से उसे मिड घाट के जंगल समेत अन्य जगहों पर तलाश कर रहे थे। मंगलवार को उसे बरामद करने में सफलता मिली है। इससे पहले आज ही (मंगलवार) अर्चना ने परिजन से संपर्क किया था। पुलिस को पता लगा कि मंगलवार सुबह छात्रा ने अपनी मां को कॉल किया। उसने खुद के ठीक होने की बात कही थी। छात्रा के परिवार के करीबी कटनी युवा कांग्रेस नेता देवांशु मिश्रा ने भी मां से बात होने की पुष्टि की। अर्चना की मां से बातचीत के बाद पुलिस छात्रा की लोकेशन ट्रैस करने में जुट गई थी। दूसरी ओर, छात्रा के लापता होने को लेकर ग्वालियर के भंवरपुरा थाने में पदस्थ आरक्षक राम तोमर से जानकारियां जुटाई गई। छात्रा और आरक्षक 2 साल से संपर्क में थे। बताया जा रहा है कि आरक्षक ने अपनी आईडी का इस्तेमाल कर अपने ही मोबाइल से अर्चना के लिए इंदौर से कटनी का टिकट भी बुक किया था।

**7 अगस्त को ट्रेन से हो गई थी लापता**

कटनी निवासी 22 वर्षीय युवती अर्चना इंदौर से सिविल जज की तैयारी कर रही थी। वह 7 अगस्त को इंदौर से नर्मदा एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच बी-3 में कटनी के लिए सवार हुई थी। वह बीच रास्ते में ट्रेन से लापता हो गई।

जब ट्रेन कटनी पहुंची तो सीट पर सिर्फ बैग रखा मिला, लेकिन वह नहीं थी। इसके बाद से इंदौर, भोपाल, कटनी जीआरपी, जिला पुलिस बल के साथ ही वन विभाग की टीमें भी जंगल में सर्चिंग कर रही थी।

# भारतीय वायुसेना को मिलेंगे 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट

> 62 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को मंजूरी > एचएएल को एयरक्राफ्ट्स का ऑर्डर मिलने की उम्मीद

## LCA मार्क 1A में तेजस से ज्यादा फीचर्स



LCA मार्क 1A में AESA रडार लगा है। इस रडार की रेंज पुराने तेजस एयरक्राफ्ट से ज्यादा है और जैमिंग को बेहतर तरीके से रोकता है।

इसमें मिड-एयर रिफ्यूलिंग की क्षमता है। इससे सिंगल इंजन फाइटर जेट की रेंज बढ़ाने में मदद मिलेगी।

इसमें लगभग 40 सुधार किए गए हैं, जिनसे इसका मेंटेनेंस आसान हो जाएगा।

इसमें अपग्रेडेड रडार वॉर्निंग रिसीवर सिस्टम (RWR) लगाया गया है। इससे एयरक्राफ्ट खतरों का जल्दी डिटेक्ट कर पाएगा।

इसमें डिजिटल मैप जेनरेटर, स्मार्ट मल्टी-फंक्शन डिस्प्ले और एडवांस रेडियो अल्टीमीटर भी दिया गया है।

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के लिए 97 एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट खरीदने के लिए 62 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को मंजूरी दे दी। रक्षा सूत्रों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि एक हाई लेवल मीटिंग में फाइटर जेट की खरीद को अंतिम मंजूरी दे दी गई।

इससे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के लिए इन एयरक्राफ्ट्स को बनाने के लिए ऑर्डर मिलने का रास्ता भी लगभग साफ हो गया है, क्योंकि मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार एचएएल के सुधार पर जोर दे रहे हैं।

मोदी सरकार के दौरान, एचएएल को सभी तरह के स्वदेशी लड़ाकू विमान, हेलिकॉप्टर और उनके इंजन बनाने के ऑर्डर मिले हैं। एचएएल को एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट के लिए यह दूसरा ऑर्डर होगा। इससे पहले सरकार एचएएल को 83 एयरक्राफ्ट्स बनाने का ऑर्डर दे चुकी है। एलसीए मार्क 1ए, तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। इसमें अपग्रेडेड एवियॉनिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। एलसीए मार्क-1ए के 65% से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। तेजस को भी एचएएल ने डेवलप किया है। यह सिंगल इंजन वाला हल्का लड़ाकू विमान है।

## पीएम मोदी भी तेजस में उड़ान भर चुके

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 नवंबर 2022 को बेंगलुरु में तेजस फाइटर प्लेन में उड़ान भरी थी।

किसी भारतीय प्रधानमंत्री की फाइटर प्लेन में यह पहली उड़ान थी। तेजस में उड़ान भरने से पहले मोदी बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भी पहुंचे थे।

## 83 एलसीए मार्क 1ए देने के लिए एचएएल के पास 2028 तक का समय

केंद्र सरकार ने साल 2021 में एचएएल को भारतीय वायुसेना के लिए 83 एलसीए मार्क-1ए बनाने के लिए 46,898 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट दिया था। कंपनी के पास 83 एयरक्राफ्ट्स की डिलीवरी करने के लिए 2028 तक का समय है। एचएएल ने 12 फरवरी को कहा था कि हम जल्द ही वायुसेना को तेजस की डिलीवरी शुरू कर देंगे। एचएएल के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर डीके सुनील ने कहा कि डिलीवरी में देरी के पीछे इंडस्ट्री को जिम्मेदार ठहराया जा रहा था, लेकिन यह देरी तकनीकी खामी की वजह से हुई है। अब इसे दूर कर लिया गया है।

**एमआईजी सीरीज के विमानों को रिप्लेस करेगा एलसीए मार्क-1ए**

रक्षा सूत्रों ने बताया कि 97 एयरक्राफ्ट्स के नए प्रोजेक्ट से भारतीय वायुसेना को अपने एमआईजी-21 विमानों के बेड़े को बदलने में मदद मिलेगी। भारतीय वायुसेना में 62 साल तक सर्विस देने के बाद मिग-21 लड़ाकू विमान 19 सितंबर को रिटायर होगा।

# दिल्ली में बड़ा हादसा : पुराना जर्जर मकान हुआ जमींदोज-तीन मजदूरों की मौत

नई दिल्ली, 21 अगस्त (एजेंसियां)। देश की राजधानी दिल्ली में बड़ा हादसा हुआ है। दरियागंज इलाके में एक मकान जमींदोज हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि कई लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और बचाव कार्य शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार, मध्य दिल्ली के दरियागंज इलाके में बुधवार दोपहर 12.14 बजे एक पुराना जर्जर मकान जमींदोज हो गया। मलबे में कई लोगों के दबे होने की आशंका है। सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंच गई हैं। बचाव कार्य जारी है। शुरुआत में मलबे से निकालकर तीन लोगों को एलएनजेपी अस्पताल भेजा गया है। स्थानीय लोगों का दावा है, मलबे में कुछ और लोग दबे हुए हैं। हादसा दरियागंज के सत्भावना पार्क, घटा मस्जिद, रिंग रोड पर हुआ है।

# भादौ मास की अमावस्या 23 अगस्त को

## कुंडली के दोष शांत करने के लिए शनिश्चरी अमावस्या पर शनिदेव का तेल से अभिषेक करने की परंपरा



शनिवार, 23 अगस्त को भाद्रपद की अमावस्या है। जब शनिवार को ये तिथि आती है तो इसे शनिश्चरी अमावस्या कहते हैं। भादौ मास की अमावस्या को पिठोरी और कुशग्रहणी अमावस्या भी कहा जाता है। शनिवार और अमावस्या के योग में शनिदेव का सरसों के तेल से अभिषेक करना चाहिए।

शनिश्चरी अमावस्या पर शनि पूजा करने का विशेष महत्व है। शनिदेव कर्म फल दाता माने जाते हैं यानी यही ग्रह हमारे कर्मों का शुभ-अशुभ फल देता है। शनि सूर्य और छाया के पुत्र हैं। नवग्रहों में शनि न्यायाधीश माना जाता है, इसलिए इन्हें अनुशासन, तपस्या, संयम, और न्याय का देवता कहते हैं।

**शनि पूजा से शांत होते हैं कुंडली के शनि दोष**

जिन लोगों की कुंडली में शनि से जुड़ा कोई दोष है या जिनकी लोगों की राशियों पर साढ़ेसाती, ढय्या चल रही है, उनके लिए ये दिन बहुत ही शुभ है। शनि दोषों को शांत करने के लिए शनिश्चरी अमावस्या पर शनिदेव का अभिषेक करना चाहिए।

**पितरों की शांति के लिए करें धूप-ध्यान**

अमावस्या तिथि के स्वामी पितर देवता माने जाते हैं, इसलिए इस तिथि पर पिंडदान, तर्पण, श्राद्ध और धूप-ध्यान करने से पितर देव प्रसन्न होते हैं और उनके आशीर्वाद से घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। इस दिन गंगाजल से स्नान करके अपने पितरों के लिए तर्पण और पिंडदान करना श्राद्ध कर्म करते हैं तो पितरों को शांति मिलती है।

**जो व्यक्ति प्रकृति के नियमों का पालन नहीं करता है, उसके जीवन में रोग आते हैं**

प्रकृति सहयोगी बनकर हर जीव की भलाई करती है। प्रकृति हमें सब कुछ देना चाहती है, लेकिन लालची व्यक्ति का पेट तो स्वयं ईश्वर भी नहीं भर सकते। हमें लालच से बचना चाहिए और प्रकृति के सभी नियमों का पालन करना चाहिए। जो व्यक्ति प्रकृति के नियमों का पालन नहीं करता है, उसके जीवन में रोग आते हैं।

**स्वामी अवधेशानंद जी गिरि**

**शनिश्चरी अमावस्या की पौराणिक कथा**

शनि देव ने तपस्या करके भगवान से वरदान प्राप्त किया था कि वे मनुष्यों के कर्मों के अनुसार उन्हें फल देंगे। एक बार किसी राजा ने शनि देव का अपमान कर दिया। परिणामस्वरूप शनि देव ने राजा की संपत्ति, राज्य, परिवार सब कुछ छीन लिया। इसके बाद राजा को अपनी गलती का अहसास हो गया। तब विद्वानों ने राजा को शनिश्चरी अमावस्या पर शनि पूजा करने की सलाह दी। जब राजा ने शनिश्चरी अमावस्या पर शनि देव की पूजा की, उपवास किया और क्षमा मांगी, तब शनि देव ने प्रसन्न होकर उसे सब कुछ फिर से लौटा दिया।

**शनिश्चरी अमावस्या कर सकते हैं ये शुभ काम**

शनिदेव ग्रहों के न्यायाधीश हैं। शनि की स्थिति व्यक्ति के जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव लाती है। कुंडली में शनि की स्थिति ठीक न हो तो व्यक्ति को कड़ी मेहनत के बाद भी सफलता नहीं मिल पाती है, छोटे-छोटे कामों में बहुत ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। मन अशांत रहता है और निर्णय लेने में संदेह बना रहता है। इस परेशानियों से बचने के लिए हर शनिवार और शनिश्चरी अमावस्या पर शनि की विशेष पूजा करनी चाहिए।

इस दिन शनि मंदिर में तेल, नीले फूल, काले तिल, और उड़द दाल चढ़ाई जाती है। शनि चालीसा और शनि स्तोत्र का पाठ किया जाता है।

काले तिल, काला कपड़ा, लोहे के बर्तन, छाता, चप्पल, उड़द की दाल और तेल दान करना चाहिए। गरीबों और जरूरतमंदों को अन्न दान करना पुण्यकारी होता है।

इस तिथि पर पीपल पर जल अर्पित करके दीपक जलाने की परंपरा है। शनिश्चरी अमावस्या पर व्रत रख सकते हैं। इस व्रत से धर्म लाभ के साथ ही स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं।

इस दिन झूठ न बोलें, किसी के साथ छल या धोखा न करें, मांस-मदिरा का सेवन न करें, किसी का अपमान न करें। इन बातों का ध्यान रखेंगे तो शनि दोषों को शांत किया जा सकता है और शनि की कृपा से जीवन में सुख-शांति प्राप्त की जा सकती है।

# हनुमान जी के सामने दीपक जलाकर करें चालीसा का पाठ



गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित हनुमान चालीसा का पाठ करने से भक्तों की समस्याएं दूर होती हैं, ऐसी मान्यता है। हनुमान चालीसा में कुल 40 चौपाइयां हैं। इसलिए इसे चालीसा कहा जाता है। इन चौपाइयों में भगवान हनुमान के गुण, पराक्रम, भक्ति और श्रीराम के प्रति समर्पण भाव के बारे में बताया गया है। ये अवधी भाषा में रची गई है।

हनुमान चालीसा की सरल भाषा की वजह से इसका पाठ करना बहुत आसान है, हनुमान पूजा में अधिकतर भक्त इसका पाठ जरूर करते हैं।

मनीष शर्मा के मुताबिक, हनुमान चालीसा का पाठ करने से भक्त अनजाने भय से दूर रहता है, नकारात्मक विचार दूर होते हैं।

हनुमान चालीसा में हनुमान जी पराक्रम और आत्मविश्वास के बारे में बताया है, इसका पाठ करने से भक्त का भी आत्मविश्वास बढ़ता है और भक्त बड़े-बड़े काम करने के लिए भी आत्मविश्वास से भर जाता है।

इसकी लय और ध्वनि तरंगों से हमारा मन शांत होता है, तनाव कम होता है और ध्यान केंद्रित करने की शक्ति बढ़ती है। चालीसा की लयबद्धता और अर्थपूर्ण शब्द मन को स्थिरता प्रदान करते हैं।

आध्यात्मिक दृष्टिकोण से हनुमान जी को बल, बुद्धि और आरोग्य का प्रतीक माना गया है। हनुमान चालीसा के नियमित पाठ से व्यक्ति के विचार सकारात्मक बनते हैं। सकारात्मकता बढ़ने से व्यक्ति ऊर्जा से भरपूर रहता है।

कहा जाता है कि जो व्यक्ति श्रद्धा से हनुमान चालीसा का पाठ करता है, उसके अधूरे कार्य पूर्ण होते हैं। हनुमान अपने भक्तों की बाधाएं दूर करके उनके कार्यों को सफल बनाते हैं, ऐसी मान्यता है।

ज्योतिष शास्त्र में हनुमान जी शनि देव के कष्टों से मुक्ति दिलाने वाले देवता माने गए हैं। हर शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ करने से कुंडली के शनि दोष शांत हो सकते हैं।

चालीसा का पाठ करते समय भगवान के प्रति समर्पण, श्रद्धा और भक्ति भाव जागृत होता है, जिससे हमारा मन भगवान के प्रति समर्पित होता है, भक्ति में हमारी एकाग्रता बनी रहती है।

संस्कृत या अवधी जैसी भाषाओं के मंत्र और छंद उच्चारण से जो ध्वनि उत्पन्न होती है, वो आसपास की ऊर्जा को सकारात्मक बनाती है।

ऐसे कर सकते हैं हनुमान चालीसा का पाठ

हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए विशेष विधि की आवश्यकता नहीं है, लेकिन कुछ बातों का ध्यान रखने से इसके पाठ से जल्दी लाभ मिल सकता है:

स्नान करके, स्वच्छ वस्त्र पहनकर, शांत स्थान पर बैठकर पाठ करना चाहिए। कम से कम एक बार इसका पाठ करना चाहिए।

मन में भगवान के प्रति असीम श्रद्धा और अटूट विश्वास रखें, क्योंकि यही सच्ची भक्ति की पहचान है।


रोज सुबह या शाम को इसका पाठ नियमित रूप से करना चाहिए। मंगलवार और शनिवार को तो जरूर इसका पाठ करें।

पाठ करने से पहले हनुमान जी के सामने दीपक जलाएं। भगवान का ध्यान करें और फिर हनुमान चालीसा का पाठ करें।

इसका केवल शाब्दिक पाठ न करें, बल्कि भावनात्मक रूप से जुड़कर, अर्थ समझते हुए पाठ करें।

# 21 अगस्त का दिन बेहद शुभ गुरु पुष्य योग के साथ बनेंगे 3 योग

## इन 5 काम को करने से तेजी से होगी उन्नति



21 अगस्त 2025 गुरुवार का दिन बेहद शुभ है। इस दिन अगस्त की मासिक शिवरात्रि है, इस दिन गुरु पुष्य योग के साथ 3 शुभ योगों का निर्माण हो रहा है। ज्योतिषशास्त्र के अनुसार, जब गुरुवार के दिन पुष्य नक्षत्र का योग बनता है तो गुरु पुष्य योग बनता है। गुरु पुष्य योग में कुछ कार्यों को करना बेहद शुभ होता है। यह दिन अक्षय तृतीया के समान ही शुभ फलदायी माना जाता है। इस योग में आप जो भी कार्य करते हैं, वह सफल होता है, परिवार की उन्नति होती है। आइए जानते हैं कि गुरु पुष्य योग कब से कब तक है? गुरु पुष्य योग में कौन से काम करने चाहिए?

**गुरु पुष्य योग कब से कब तक?**

21 अगस्त को गुरु पुष्य योग का निर्माण सुबह में 05 बजकर 53 मिनट से होगा और यह देर रात 12 बजकर 08 मिनट तक रहेगा। इस आधार पर गुरु पुष्य योग पूरे दिन है। इस दिन पुष्य नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर देर रात 12:08 ए एम तक है और चंद्रमा कर्क राशि में रहेगा।

गुरु पुष्य योग के साथ ही अमृत सिद्धि योग और सर्वार्थ सिद्धि योग भी बन रहे हैं। इन 3 योगों की वजह से 21 अगस्त का दिन बेहद शुभ फलदायी बना है।

गुरु पुष्य योग में जरूर करें ये 5 काम

1- गुरु पुष्य योग में किया गया नया काम या शुरू किया गया बिजनेस सफल सिद्ध होता है।

2- गुरु पुष्य योग में आप सोना, चांदी, रत्न, मकान, दुकान, कार, जमीन आदि की खरीदारी कर सकते हैं। इस योग में अर्जित की गई संपत्ति उन्नतिदायक और स्थाई मानी जाती है।

3 गुरु पुष्य योग में आप टीवी, फ्रिज, एसी, पंखा, मोबाइल, लैपटॉप जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की खरीदारी कर सकते हैं।

4। गुरु पुष्य योग में आपको धन और वैभव की देवी माता लक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए। लक्ष्मी कृपा से आपके धन और संपत्ति में बढ़ोत्तरी होगी।

5। गुरु पुष्य योग में आपको देव गुरु बृहस्पति, अपने गुरु, इष्ट देवी और देवताओं की पूजा करनी चाहिए। अपनी क्षमता के अनुसार दान करें। इससे आपको अक्षय पुण्य की प्राप्ति होगी।

**दोपहर से पहले कर लें शुभ कार्य**

21 अगस्त को दोपहर से पूर्व ही शुभ कार्य कर लें क्योंकि उसके बाद से भद्रा लग रही है। भद्रा का समय दोपहर में 12 बजकर 44 मिनट से देर रात 12 बजकर 16 मिनट तक है। इस भद्रा का वास धरती पर है।

# कुशी अमावस्या, इस दिन किया जाता है

## कुशोत्पाटन, जानें शुभ मुहूर्त और महत्व



कुश में त्रिदेव (ब्रह्मा, विष्णु, महेश) का वास माना जाता है और इसे उखाड़ने के लिए एक विशेष मंत्र का उच्चारण किया जाता है। इस कुश को उखाड़ कर लोग इसलिए रखते हैं क्योंकि इसी से सभी प्रकार के देव कर्म और पीटर कम किया जाता है। इस कुश की अंगूठी बनाकर दाएं हाथ के अनामिका उंगली में धारण की जाती है।

**कुशी अमावस्या का महत्व**

कुश तोड़ने का महत्वः इस दिन कुश तोड़ने का विशेष महत्व है। कुश में ब्रह्मा, विष्णु और महेश का वास माना जाता है। कुश का उपयोग यज्ञ, पूजा, पाठ और अन्य धार्मिक कार्यों में किया जाता है।

पितृ तर्पणः अमावस्या के दिन पितरों के लिए तर्पण और श्राद्ध करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है।

दान-पुण्यः इस दिन दान-पुण्य करने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

कुशी अमावस्या (कुशोत्पाटिना) कब है और क्या है इसका शुभ मुहूर्त

कुशी अमावस्या 2025 की तिथि और समय

तिथिः भाद्रपद अमावस्या 23 अगस्त 2025, शनिवार को मनाई जाएगी।

**23 अगस्त 2025 को प्रातः** 7 बजकर 5 मिनट के बाद इसका मुहूर्त है।

कुशी अमावस्या पर क्या करें स्नान और पूजाः सुबह स्नान करें और भगवान शिव या विष्णु की पूजा करें।

पितृ तर्पणः पितरों के लिए तर्पण और श्राद्ध करें।

दान-पुण्यः जरूरतमंदों को दान दें।

# चंद्रमा की राशि में शुक्र का गोचर

## मेष, कन्या समेत 6 राशि वाले अच्छे से कस लें कमर, बदलने वाले हैं आपके दिन



भौतिक सुख सुविधा के स्वामी शुक्र ग्रह 21 अगस्त दिन गुरुवार को मध्यरात्रि 1 बजकर 19 मिनट पर कर्क राशि में गोचर करने वाले हैं, जहां पहले से ही ग्रहों के राजकुमार बुध ग्रह मौजूद हैं। इस तरह शुक्र के गोचर से कर्क राशि में बुध और शुक्र ग्रह की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग बन रहा है।

**शुक्र गोचर का मेष राशि पर प्रभाव**

मेष राशि वालों के दूसरे और सातवां भाव शुक्र ग्रह द्वारा शासित हैं। इस समय, शुक्र आपके चौथे भाव में गोचर करने वाले हैं। चौथे भाव में शुक्र का गोचर सामान्यतः लाभकारी माना जाता है और सुखद परिणाम प्रदान करता है। शुक्र ग्रह का यह गोचर आपको कई तरीकों से मदद करेगा और आपके लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायता करेगा। यह वित्तीय लाभ में भी मदद करेगा क्योंकि दूसरे भाव का स्वामी, जो धन का घर है, अपने घर से तीसरे भाव में जा रहा है। आपको संपत्ति या रियल एस्टेट से अच्छा फायदा मिल सकता है। साथ ही आपका मकान या फ्लैट खरीदने की इच्छा पूरी हो सकती है। इस अवधि में यात्रा पर जाने का मौका मिलेगा और अटके धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार और रिश्तेदारों के साथ संबंधों को मजबूत कर सकती है।

**शुक्र गोचर का वृषभ राशि पर प्रभाव**

वृषभ राशि वालों का छठा भाव और आपका लग्न शुक्र ग्रह द्वारा शासित है। इस अवधि में शुक्र आपके तीसरे भाव में गोचर करेगा। तीसरे भाव में शुक्र का गोचर सामान्यतः सकारात्मक परिणाम उत्पन्न करता है। कर्क राशि में शुक्र का गोचर आपके मित्रताओं को बढ़ावा देगा। इस अवधि में मित्र आपकी मदद के लिए हमेशा तैयार रहेंगे और उनके सहयोग से आपके कई कार्य पूरे होंगे। आपका आत्मविश्वास उच्च रहेगा, जिससे जरूरी निर्णय आसानी से ले पाएंगे। इस अवधि में आपका भाग्य अच्छा रहेगा और हर कदम पर इसका सहयोग भी मिलेगा।

**शुक्र गोचर का मिथुन राशि पर प्रभाव**

शुक्र ग्रह मिथुन राशि वालों के दूसरे भाव में गोचर करने वाले हैं और शुक्र आपके पांचवें और बारहवें भाव का स्वामी हैं। मिथुन राशि वाले शुक्र गोचर से सकारात्मक प्रभावों की उम्मीद कर सकते हैं। इस गोचर के दौरान शुक्र ग्रह कला या संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए विशेष रूप से सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।परिवार में कोई महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है या प्रियजनों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का मौका मिल सकता है। बिजनस की वजह से किसी यात्रा पर जा सकते हैं, जिससे वित्तीय लाभ भी हो सकते हैं। प्रशासन या सरकार से संबंधित मामलों में सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है, जिससे आपको मानसिक संतोष मिलेगा।

**शुक्र गोचर का कर्क राशि पर प्रभाव**

शुक्र ग्रह आपकी राशि के लग्न भाव अर्थात पहले स्थान पर गोचर करने वाले हैं और यह आपके चौथे और 11वें (लाभ) भाव के स्वामी भी हैं। इसलिए शुक्र का गोचर कर्क राशि वालों के लिए सबसे शानदार रहने वाला है। शुक्र गोचर के दौरान कर्क राशि वालों को अधिक सुविधाएं और विलासिता मिल सकती है। लाभ के घर के स्वामी शुक्र इस समय आपके पहले भाव में गोचर कर रहे हैं। शुक्र गोचर के दौरान, आपको विशेष रूप से धन संबंधी मामलों में अनुकूल समर्थन मिलने की संभावना है। लव लाइफ के दृष्टिकोण से भी यह शुक्र गोचर अनुकूल रहने वालाा है।

**शुक्र गोचर का कन्या राशि पर प्रभाव**

शुक्र ग्रह कन्या राशि वालों के नवम भाव (भाग्य का घर) और दूसरे भाव (धन का घर) के स्वामी हैं। शुक्र इस समय आपके 11वें भाव (लाभ का घर) में प्रवेश कर रहे हैं। 11वें भाव में अधिकतर ग्रह सकारात्मक परिणाम देते हैं, इसलिए शुक्र भी इस अवधि में लाभकारी परिणाम देगा। यह स्पष्ट है कि धन और अवसरों में वृद्धि होगी क्योंकि धन के घर के स्वामी (दूसरा भाव) लाभ के घर में जा रहा है। इस अवधि में आपको पर्सनल व प्रफेशनल लाइफ में भाग्य का साथ मिलेगा। धन के स्वामी का लाभ के घर में होना बहुत ही लाभकारी है। ये लाभ केवल धन के मामले में ही नहीं, बल्कि जीवन के कई पहलुओं में महसूस किए जाएंगे। आप पारिवारिक और वित्तीय मामलों में भी सफल हो सकते हैं।

**शुक्र गोचर का मीन राशि पर प्रभाव**

शुक्र आपकी राशि के तीसरे और आठवें घर के स्वामी हैं और इस दौरान आपके पांचवे घर में प्रवेश कर रहे हैं। शुक्र का पांचवें घर में प्रवेश कुछ बहुत ही सकारात्मक परिणाम लाने वाला माना जाता है। विशेष रूप से कला और साहित्य के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को इस शुक्र गोचर से बहुत लाभ हो सकता है। वे अत्यधिक रचनात्मक बने रह सकते हैं और मनोरंजन से संबंधित मुद्दों में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिल सकते हैं। छात्रों के लिए अपने विचारों को नियंत्रित करना और अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक होगा। इस गोचर का रोमांटिक संबंधों पर बहुत अच्छे प्रभाव पड़ने की संभावना है।

**शुक्र गोचर का मिथुन राशि पर प्रभाव**

शुक्र ग्रह मिथुन राशि वालों के दूसरे भाव में गोचर करने वाले हैं और शुक्र आपके पांचवें और बारहवें भाव का स्वामी हैं। मिथुन राशि वाले शुक्र गोचर से सकारात्मक प्रभावों की उम्मीद कर सकते हैं। इस गोचर के दौरान शुक्र ग्रह कला या संगीत के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए विशेष रूप से सकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।परिवार में कोई महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है या प्रियजनों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने का मौका मिल सकता है। बिजनस की वजह से किसी यात्रा पर जा सकते हैं, जिससे वित्तीय लाभ भी हो सकते हैं। प्रशासन या सरकार से संबंधित मामलों में सकारात्मक परिणाम मिलने की संभावना है, जिससे आपको मानसिक संतोष मिलेगा।

**शुक्र गोचर का कर्क राशि पर प्रभाव**

शुक्र ग्रह आपकी राशि के लग्न भाव अर्थात पहले स्थान पर गोचर करने वाले हैं और यह आपके चौथे और 11वें (लाभ) भाव के स्वामी भी हैं। इसलिए शुक्र का गोचर कर्क राशि वालों के लिए सबसे शानदार रहने वाला है। शुक्र गोचर के दौरान कर्क राशि वालों को अधिक सुविधाएं और विलासिता मिल सकती है। लाभ के घर के स्वामी शुक्र इस समय आपके पहले भाव में गोचर कर रहे हैं। शुक्र गोचर के दौरान, आपको विशेष रूप से धन संबंधी मामलों में अनुकूल समर्थन मिलने की संभावना है। लव लाइफ के दृष्टिकोण से भी यह शुक्र गोचर अनुकूल रहने वालाा है।

**शुक्र गोचर का कन्या राशि पर प्रभाव**

शुक्र ग्रह कन्या राशि वालों के नवम भाव (भाग्य का घर) और दूसरे भाव (धन का घर) के स्वामी हैं। शुक्र इस समय आपके 11वें भाव (लाभ का घर) में प्रवेश कर रहे हैं। 11वें भाव में अधिकतर ग्रह सकारात्मक परिणाम देते हैं, इसलिए शुक्र भी इस अवधि में लाभकारी परिणाम देगा। यह स्पष्ट है कि धन और अवसरों में वृद्धि होगी क्योंकि धन के घर के स्वामी (दूसरा भाव) लाभ के घर में जा रहा है। इस अवधि में आपको पर्सनल व प्रफेशनल लाइफ में भाग्य का साथ मिलेगा। धन के स्वामी का लाभ के घर में होना बहुत ही लाभकारी है। ये लाभ केवल धन के मामले में ही नहीं, बल्कि जीवन के कई पहलुओं में महसूस किए जाएंगे। आप पारिवारिक और वित्तीय मामलों में भी सफल हो सकते हैं।

**शुक्र गोचर का मीन राशि पर प्रभाव**

शुक्र आपकी राशि के तीसरे और आठवें घर के स्वामी हैं और इस दौरान आपके पांचवे घर में प्रवेश कर रहे हैं। शुक्र का पांचवें घर में प्रवेश कुछ बहुत ही सकारात्मक परिणाम लाने वाला माना जाता है। विशेष रूप से कला और साहित्य के क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को इस शुक्र गोचर से बहुत लाभ हो सकता है। वे अत्यधिक रचनात्मक बने रह सकते हैं और मनोरंजन से संबंधित मुद्दों में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिल सकते हैं। छात्रों के लिए अपने विचारों को नियंत्रित करना और अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक होगा। इस गोचर का रोमांटिक संबंधों पर बहुत अच्छे प्रभाव पड़ने की संभावना है।

# ‘कुली’ को ए सर्टिफिकेट मिलने पर हाईकोर्ट पहुंचे मेकर्स, बोले- हर उम्र के हैं रजनीकांत के फैंस



रजनीकांत की हालिया रिलीज फिल्म ‘कुली’ इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। हालांकि, इस बीच ‘कुली’ को लेकर विवाद भी छिड़ा हुआ है और अब ये मामला हाईकोर्ट तक पहुंच गया है। जहां सन पिक्चर्स ने सीबीएफसी द्वारा फिल्म को 'ए' सर्टिफिकेट जारी करने के फैसले को चुनौती दी है।

**मंजूर हुई मेकर्स की याचिका, होगी सुनवाई**

सीबीएफसी द्वारा फिल्म को ‘ए’ सर्टिफिकेट दिए जाने से अब इसे सिर्फ 18 साल से ऊपर की उम्र के लोग ही देख सकेंगे। इसी को लेकर अब मेकर्स ने आपत्ति जताई है और मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। मेकर्स का कहना है कि इस तरह की बड़ी फिल्मों की तुलना में फिल्म का मूल्यांकन गलत तरीके से किया गया है। न्यायमूर्ति टीवी तमिलसेल्वी ने याचिका स्वीकार कर ली और इस पर सुनवाई का निर्देश भी दिया है। संभव है कि आज इस मामले पर सुनवाई भी हो सकती है। सन पिक्चर्स का कहना है कि 'कुली' में 'केजीएफ' और 'बीस्ट' जैसी फिल्मों के बराबर एक्शन सीन हैं, जिन्हें यू/ए सर्टिफिकेट मिला था। ऐसे में फिर ‘कुली’ को ए सर्टिफिकेट क्यों मिला है।

**मेकर्स के वकील ने दिया ये तर्क**

अदालत में हुई बहस में केंद्र सरकार के वकील ए कुमारगुरु ने दावा किया कि याचिका विचारणीय नहीं है। हालांकि, वरिष्ठ अधिवक्ता जे रवींद्रन ने एम स्नेहा की सहायता से अपना पक्ष रखते हुए कहा कि सिनेमैटोग्राफ अधिनियम, 1952 और न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 के तहत उच्च न्यायालय को ऐसी अपीलों पर सुनवाई करने का अधिकार है। यू/ए रेटिंग के लिए सीबीएफसी से कई बार अनुरोध करने के बावजूद जांच और संशोधन समितियों ने फिल्म में अधिक एक्शन सीन का हवाला देते हुए 'ए' रेटिंग बरकरार रखी।

**कई पीढ़ियों से हैं रजनीकांत के फैंस**

सन पिक्चर्स का कहना है कि रजनीकांत के फैन हर पीढ़ी में हैं। ऐसे में बच्चों और किशोरों को सिनेमाघरों से दूर रखना इस फिल्म के उद्देश्य को कमजोर करता है। यह एक एंटरटेनिंग फिल्म है, जिसे रजनीकांत के सिनेमा में 50 साल पूरे होने के मौके पर रिलीज किया गया है। तमिलनाडु के कई सिनेमाघरों में बच्चों को हॉल के अंदर जाने की अनुमति देने के लिए माता-पिता थिएटर मालिकों से भिड़ गए।

**लोकेश कनगराज ने किया है फिल्म का निर्देशन**

लोकेश कनगराज द्वारा निर्देशित 'कुली' एक बड़े बजट में बनी फिल्म है। फिल्म में रजनीकांत के अलावा नागार्जुन, सौबिन शाहिर, श्रुति हासन, उपेंद्र कुमार और आमिर खान सरीखे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। 14 अगस्त को रिलीज हुई फिल्म की टक्कर बॉक्स ऑफिस पर ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की ‘वॉर 2’ से हो रही है। जहां ‘कुली’ ‘वॉर 2’ पर भारी पड़ रही है।

# इन सिंगर्स के लुक्स देख आप भी कहेंगे- 'इनकी सिर्फ आवाज ही नहीं, स्टाइल भी कमाल है!'




बॉलीवुड की सिंगर्स सिर्फ अपनी आवाज से ही नहीं, बल्कि अपने ग्लैमरस लुक्स और फैशन स्टाइल से भी खूब सुर्खियां बटोरती हैं। खासतौर पर नेहा कक्कड़, सुनिधि चौहान और श्रेया घोषाल जैसी करोड़ों की नेटवर्थ वाली सिंगर न सिर्फ म्यूजिक इंडस्ट्री की टॉप पर हैं, बल्कि उनके लुक्स भी किसी बड़ी एक्ट्रेस से कम नहीं लगते।

ये तीनों सिंगर्स अक्सर अपने आउटफिट्स, हेयरस्टाइल और पर्सनलिटी के चलते सोशल मीडिया पर ट्रेंड करती हैं। नेहा का बोल्ड और बबली स्टाइल, सुनिधी का कूल एंड कंफर्टेबल लुक और श्रेया का एलिगेंट ट्रेडिशनल स्टाइल हर किसी को आकर्षित करता है। ये साबित करती हैं कि ग्लैमर सिर्फ एक्टिंग तक सीमित नहीं, बल्कि गायिकी की दुनिया में भी स्टाइल और स्वैग का जलवा है। आज हम आपको इन्हीं के लुक्स दिखाने जा रहे हैं।

**नेहा कक्कड़ का स्टेज लुक**

सबसे पहले नजर डालते हैं नेहा कक्कड़ के स्टेज लुक्स पर। उनका अंदाज काफी क्यूट होता है। वो अपनी परफॉर्मेंस के दौरान ज्यादातर को-ऑर्ड सेट, जमसूट या फिर पैंट और क्रॉप टॉप ही कैरी करती हैं। उनका ये अंदाज लोगों को खूब पसंद आता है। गाते समय उनके खुले-लहराते बाल भी देखने में कमाल के लगते हैं।

**नेहा कक्कड़ के अलग लुक**

स्टेज लुक्स के बाद अब नजर डालते हैं नेहा कक्कड़ के अन्य लुक्स पर। वो अक्सर ऐसे आउटफिट ही पहनती हैं, जिसमें वो बेहद क्यूट दिखती हैं। तो अगर आपको क्यूट दिखना पसंद है तो नेहा कक्कड़ के लुक्स पर एक नजर डालें और अपने लिए खरीदारी करें।





**सुनिधि चौहान के स्टेज लुक्स**

सुनिधि चौहान जब अपने कॉन्सर्ट की तस्वीरें साझा करती हैं, तो हर कोई उन्हें बस देखता रह जाता है। उनके स्टेज काफी ग्लैमरस और बोल्ड होते हैं। उनके स्टेड लुक्स किसी पॉप सिंगर से कम नहीं होते। लोग उनसे इस अंदाज की काफी तारीफ करते हैं।

**सुनिधि चौहान के अन्य लुक्स**

इसके अलावा वो अपने लुक्स से हमेशा बॉस लेडी वाइब देती हैं। उनकी हर तस्वीर पर लोग बेहद प्यार बरसाते हैं। हर आउटफिट के साथ वो अलग सा ही हेयर स्टाइल बनाती हैं, जिससे उनका अंदाज और लुक एकदम से बदल जाता है। वो एथनिक को भी काफी अलग अंदाज में पहनती हैं।




**श्रेया घोषाल का स्टेज लुक**

आखिर में नजर डालते हैं श्रेया घोषाल के स्टेज लुक्स पर। उनके स्टेज लुक्स एलिगेंट से भरपूर होते हैं। क्योंकि वो ज्यादातर स्टेज पर एथनिक आउटफिट पहनकर ही जाती हैं, जिसमें वो बला की खूबसूरत लगती हैं। इंडो वेस्टर्न आउटफिट से लेकर एथनिक आउटफिट तक उनकी खूबसूरती को बढ़ा देते हैं।

**श्रेया घोषाल के बाकी लुक्स**

स्टेज के अलावा अगर श्रेया के अन्य लुक्स पर नजर डालें तो आप उनकी इस तस्वीर को देखते रह जाएंगे। वो वेस्टर्न गाउन से लेकर इंडो वेस्टर्न आउटफिट तक काफी अलग अंदाज में कैरी करती हैं। तो यदि आप भी इस तरह के लुक्स पसंद करती हैं तो उनके लुक्स से टिप्स लें।

# अब पंजाबी फिल्म में हीरो बनकर आएंगे राज कुंद्रा शिल्पा बोलीं- 'तुम कई साल से मेरे हीरो हो'

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी ने अपने पति राज कुंद्रा की पहली पंजाबी फिल्म 'मेहर' के ट्रेलर को सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने लिखा कि वह कई साल से उनके हीरो हैं।



**पति राज के लिए शिल्पा का खास पोस्ट**

शिल्पा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'मेहर' की शानदार झलक शेयर की और कैप्शन में लिखा, 'वाह, पंजाबी फिल्मों को एक नया हीरो मिल गया है, लेकिन वो कई साल से मेरे हीरो रहे हैं। फिल्मों में आपका स्वागत है राज कुंद्रा आपको और मेहर की पूरी टीम को अपार सफलता की शुभकामनाएं।'

इसके साथ ही शिल्पा ने फिल्म के निर्देशक राकेश मेहता, निर्माता और गीता बसरा को भी शुभकामनाएं दीं। शिल्पा ने आगे लिखा, 'गाने बहुत पसंद आए और अब ट्रेलर भी। फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार है। पिक्चर अभी बाकी है दोस्तों। 5 सितंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है।'

**फिल्म 'मेहर' के बारे में**

पंजाबी फिल्म 'मेहर' राज कुंद्रा के करियर की पहली फिल्म है। इसे राकेश मेहता ने निर्देशित किया है। इस पंजाबी फिल्म में राज कुंद्रा और गीता बसरा के अलावा बनिंदर बनी, सविता भट्टी, रूपिंदर रूपी, दीप मनदीप, आशीष दुग्गल, हॉबी धालीवाल, तरसेम पॉल और कुलवीर सोनी भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# ओटीटी के लिए बदल गया ‘हरि हर वीर मल्लु’ का क्लाइमेक्स

सिनेमाघरों में फ्लॉप रहने के बाद इस फिल्म को ओटीटी पर कुछ बदलावों के साथ रिलीज किया गया है। ‘हरि हर वीर मल्लुः पार्ट 1- स्वॉर्ड बनाम स्पिरिट’ को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। प्राइम पर यह फिल्म तेलुगु, तमिल, मलयालम और हिंदी में रिलीज की गई है। लेकिन सबसे खास बात ये है कि बॉक्स ऑफिस पर फेल होने के बाद ओटीटी के लिए मेकर्स ने फिल्म में कुछ बदलाव किए हैं। फिल्म के कुछ





सीन को हटा दिया गया है, ताकि फिल्म छोटी हो जाए। साथ ही फिल्म के क्लाइमेक्स में भी बदलाव किया गया है।

**बदल गया फिल्म का क्लाइमेक्स सीन**

ओटीटी पर स्ट्रीम हो रही फिल्म में घुड़सवारी वाले सीन और सेकेंड हाफ में पवन कल्याण के तीर चलाने वाले सीन में वीएफएक्स को लेकर फिल्म की काफी आलोचना हुई थी। दर्शकों ने इन सीन को लेकर फिल्म को ट्रोल किया था। यही कारण रहा कि ओटीटी वर्जन में इन सीन को थोड़ा कम कर दिया गया है। यही नहीं फिल्म के क्लाइमेक्स में भी बदलाव किया गया है।

फिल्म बॉबी देओल के आंधी वाचेसिंधी कहने के साथ समाप्त होती थी, लेकिन चक्रवात के दौरान उनके टकराव को पूरी तरह से मिटा दिया गया। ओटीटी पर इस हिस्से को पूरी तरह से हटा दिया गया है और अब फिल्म ‘असुर हननं’ गाने के बाद दूसरे पार्ट की घोषणा के साथ खत्म हो जाती है।

# आमिर खान का डीएनए टेस्ट करा लो : फैसल खान





हाल ही में आमिर खान के भाई फैसल खान ने बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट पर कई आरोप लगाए। साथ ही आमिर खान की निजी जिंदगी को लेकर भी तमाम बातें की, दावे किए। आमिर की दो शादी, तलाक और एक अफेयर को लेकर कुछ सनसनीखेज खुलासे फैसल ने एक इंटरव्यू में किए हैं। वह आमिर खान का डीएनए टेस्ट कराने तक की बात कह रहे हैं।

**फैसल बोले- मेरे पास चीज का सबूत हैं**

एक इंटरव्यू में फैसल खान कहते हैं, ‘सभी जानते हैं कि आमिर खान और जेसिका ( फिल्म जर्नलिस्ट) का रिश्ता था और उनका एक बच्चा भी है। इस बात से आमिर खान इंकार नहीं कर सकते हैं। चाहो तो आप डीएनए टेस्ट करा लो। मेरे पास हर चीज का सबूत हैं, मैं उनमें से नहीं हूं, जो मनगढ़ंत बातें बनाऊं।’

**कौन है जेसिका हाइंस**

आमिर खान और जर्नलिस्ट जेसिका हाइंस के जिस अफेयर के बारे में फैसल खान चर्चा कर रहे हैं, वह मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए भी चर्चा में रहा है।

जेसिका साल 1998 में अमिताभ बच्चन पर किताब लिखने के सिलसिले में भारत आई थीं। एक रिपोर्ट के मुताबिक स्टारडस्ट मैगजीन में यह कहा गया था कि आमिर खान जेसिका के साथ रिलेशनशिप में थे। रिपोर्ट में यह भी दावे किए गए कि आमिर खान का जेसिका के साथ एक बच्चा जान भी है। आमिर और जेसिका की मुलाकात 'गुलाम' फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई। आमिर खान ने आज तक इस मुद्दे पर बात नहीं की है। जेसिका की तरफ से भी चुप्पी बनी रही है। बताते चलें कि साल 2000 के दशक की शुरुआत में जेसिका ने एक बेटे को जन्म दिया और उसका नाम जान रखा। बाद में उन्होंने लंदन के बिजनेसमैन विलियम टैलबोट से शादी की।

**फैसल ने आमिर के अलावा परिवार पर भी लगाए आरोप**

फैसल खान ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, साथ ही एएनआई से भी बातचीत की थी। इसमें फैसल ने आमिर खान पर कई आरोप लगाए। फैसल ने बताया कि साल 2002 उनकी जिंदगी का सबसे मुश्किल दौर था। उसी साल उन्होंने शादी की लेकिन जल्द ही तलाक हो गया।

तलाक के बाद परिवार ने दोबारा शादी का दबाव बनाया गया। तब फैसल ने परिवार के नाम एक खत लिखा, जिसमें परिवार की टूटती शादियों का जिक्र किया। ऐसे में परिवार ने उन्हें गलत समझा और मेंटल हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया। फैसल का दावा है कि आमिर खान, उनकी मां, बहन निखत और परिवार के कुछ अन्य सदस्यों ने साजिश के तहत उन्हें पागल साबित किया।

# चहल से तलाक के 4 महीने बाद नए प्यार की तलाश में धनश्री, बोलीं- 'हम सब प्यार के लिए भूखे हैं'

हाल ही में कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा ने अपनी पर्सनल लाइफ, करियर को लेकर इंटरव्यू दिया। इस बातचीत में उन्होंने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से हुए तलाक पर भी बात की है। एक रिश्ता बिखर जाने के बाद भी वह प्यार में विश्वास करती हैं। आगे धनश्री की चाहत प्यार में डूब जाने की है।

**सेल्फ लव की बात करती दिखीं धनश्री**

धनश्री कहती हैं, ‘मुझे लगता है कि हम सभी जिंदगी में प्यार चाहते हैं। भला कौन नहीं चाहता कि उसे प्यार मिले? कभी-कभी, प्यार आपको भी मोटिवेट करता है। इसके अलावा खुद से प्यार तो करना ही चाहिए, क्योंकि खुद से प्यार सबसे जरूरी है। खुद को प्यार करो, फिर बाहर प्यार की तलाश करो।’

**धनश्री बोलीं- प्यार किसे नहीं चाहिए?**



धनश्री क्या आगे प्यार की चाहत रखती हैं? इस सवाल पर वह कहती हैं, ‘अगर मेरी जिंदगी में कुछ अच्छा लिखा है, तो क्यों नहीं? असल में, मां-पापा भी चाहते हैं। दोस्त भी चाहते हैं। मैं खुद चाहती हूं कि अच्छा ही हो। प्यार किसे नहीं चाहिए? हम सब प्यार के भूखे हैं। आज, इसी की कमी है। यह सबसे खूबसूरत चीज है। यह बिलकुल बॉलीवुड वाली फीलिंग है। कौन ऐसा अहसास नहीं चाहता? हम सब चाहते हैं, और हम सभी को इसे महसूस करना चाहिए। हर किसी को ऐसा प्यार मिलना चाहिए।’

**तलाक होने पर खूब रोई थीं धनश्री**

अपने इंटरव्यू में धनश्री ने तलाक पर भी बात की। धनश्री ने कहा कि जैसे ही कोर्ट में तलाक का फैसला सुनाया गया, वो खुद को संभाल नहीं पाईं और सभी के सामने जोर-जोर से रोने लगीं। उन्होंने बताया कि अंदर से वह टूट चुकी थीं और उस पल को शब्दों में बयां कर पाना उनके लिए मुमकिन नहीं था। जबकि युजवेंद्र चहल उस समय कोर्ट से पहले बाहर निकल गए थे।

# 'दक्षिण के सितारे विनम्र और ईश्वर भक्त होते हैं' श्रुति हासन ने साउथ और बॉलीवुड में बताया अंतर



अभिनेत्री श्रुति हासन ने हाल ही में बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय सिनेमा में काम करने के अपने अनुभव को साझा किए। उन्होंने बताया कि साउथ के सितारे बॉलीवुड के सितारों की तुलना में अधिक विनम्र और ईश्वर भक्त होते हैं।

**साउथ और बॉलीवुड में बताया अंतर**

हाल ही में रिपोर्टर के साथ एक इंटरव्यू में श्रुति ने कहा कि उन्होंने कहा कि बॉलीवुड की तुलना में साउथ में जागरूकता और आध्यात्मिकता का स्तर अधिक है। साउथ के अभिनेता विनम्र रहते हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि 'सरस्वती का आशीर्वाद उनसे दूर न जाए।' श्रुति ने बताया कि साउथ के सेट पर छोटी-छोटी परंपराएं निभाई जाती हैं, जैसे सुबह नारियल रखना या किसी देवता की तस्वीर सेट पर रखना। सेट पर नियमों का पालन होता है, साथ ही अभिनेता और कर्मचारी इस बात का ध्यान रखते हैं कि वे कैसे व्यवहार करते हैं।

**कैसे साउथ है ज्यादा बेहतर**

श्रुति ने आगे कहा कि साउथ में लोग सादगी पसंद करते हैं। वहां लोग बहुत पैसे होने के बावजूद साधारण कपड़े पहनते हैं और पुरानी कारों का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने कहा, 'हम सिर्फ कला के माध्यम हैं। अच्छी फिल्म, कहानी या गाना ही असली माध्यम है। हमारा काम कला को लोगों तक पहुंचाना है।' श्रुति ने आगे कहा कि संगीत सीखने और लंबे समय तक लोगों के साथ काम करने से उन्हें विनम्र रहना और अपना काम पूरी मेहनत से करना सीखने में मदद मिली।


**श्रुति का करियर**

श्रुति ने बॉलीवुड में 'लक', 'दिल तो बच्चा है जी' और 'डी-डे' जैसी फिल्मों में काम किया है। हाल ही में वे रजनीकांत की फिल्म 'कुली' में नजर आईं, जिसका निर्देशन लोकेश कनगराज ने किया है। यह फिल्म 14 अगस्त 2025 को रिलीज हुई थी।

# '... ताकि परिंदा भी पर न मार पाए जेवर एयरपोर्ट पर'

## जिलाधिकारी ने सुरक्षा को लेकर दिये निर्देश, एनओसी के बिना न बने भवन

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर की सुरक्षा, आपदा प्रबंधन एवं एयरफील्ड पर्यावरण प्रबंधन को लेकर आज कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में एयरपोर्ट एनवायरनमेंट मैनेजमेंट कमेटी (AEMC), एरोड्रोम कमेटी (AC) एवं एयरपोर्ट इमरजेंसी प्लानिंग कमेटी (AEPC) के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में समितियों के अधिकारियों ने पावर प्वॉइंट प्रजेंटेशन प्रस्तुत कर एयरपोर्ट की अब तक की कार्य योजना एवं प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि हवाई अड्डे के 20 किमी के दायरे में बिना एनओसी किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न किया जाए, उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में साफ-सफाई बनाए रखी जाए तथा जलभराव रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। पक्षियों एवं आवारा जानवरों की गतिविधियों को नियंत्रित किया जाए, ताकि विमान संचालन में किसी प्रकार की बाधा न उत्पन्न हो। ड्रोन एवं लेजर जैसी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाई जाए तथा ग्रामीण क्षेत्रों में इसके संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि एयरपोर्ट का सुरक्षित संचालन एवं आपदा प्रबंधन सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय पर प्रगति से अवगत कराते रहें, ताकि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को विश्वस्तरीय एवं सुरक्षित एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया जा सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू0अ0 बच्चू सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, जिला आपदा विशेषज्ञ ओंमकार चतुर्वेदी, साथ ही नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रा0 लि0 से किरन जैन (चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर), हेड एयरसाइड यशदेव, सेफ्टी एवं सिक्योरिटी अजेय वर्मा, पब्लिक अफेयर्स आशुतोष चतुर्वेदी, क्राइसिस मैनेजमेंट अजय चौहान, वाइल्डलाइफ एवं एयरसाइड सर्विसेज मैनेजमेंट विनीत सिकरवार व शीना अब्राहम, परविंद कुमार सरोज उपस्थित रहे।

# प्राथमिकता से हो ग्रामीण समस्याओं का समाधान : पंकज सिंह



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा पंकज सिंह ने बुधवार को जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया यह कार्यक्रम गांव गढ़ी चौखंडी के बारात घर में आयोजित किया गया।

इस दौरान स्थानीय निवासियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से विधायक को अवगत कराकर उसका समाधान करने की मांग की जनता द्वारा बताई गई समस्याओं को सुनने के बाद विधायक ने कार्यक्रम में मौजूद नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्र में जो भी समस्याएं हैं उनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव ने किया।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी से जिला अध्यक्ष महेश चौहान चंदग्राम यादव अमित त्यागी प्रमोद बहल ओमवीर अवाना मनीष तिवारी अशोक मिश्रा मनोज चौहान विपुल शर्मा कालू पंडित बबलू यादव देवेंद्र शर्मा प्रवीण चौहान आकाश चौहान आदि एवं ग्राम गढ़ी चौखंडी से मदन यादव मेसी यादव रतनपाल यादव शीशन यादव लीलू तोमर रमेश यादव राजू मास्टर सुशील तोमर मोनू यादव तेज सिंह तोमर जगत यादव ओमवीर यादव राजेश यादव मोहित शर्मा कपिल यादव आकाश यादव हरेंद्र तोमर तरुण यादव महावीर चौहान सोनू यादव राजेंद्र यादव राहुल यादव अनिल विश्वकर्मा मुकेश प्रजापति रमेश शर्मा रणवीर यादव वेदन यादव सुशील यादव भागमल शर्मा जय भगवान यादव विजयपाल यादव लाला यादव महेश यादव धर्मपाल प्रधान प्रकाश पाल जोगिंदर कुमार ललित शर्मा संजीव यादव संदीप कुमार संजय यादव गुलाब सिंह मुनेश यादव अमित यादव बबलू यादव रवि यादव हरेंद्र यादव रणजीत सिंह यादव आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राजीव गाँधी ने की थी आत्मनिर्भर भारत की पहल : मुकेश यादव



**नोएडा (चेतना मंच)।** महानगर काँग्रेस कमेटी नोयडा द्वारा सैक्टर 52 स्थित पार्टी कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गाँधी की जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने राजीव गाँधी की फोटो पर फूलमाला एव पुष्प अर्पित कर उनको श्रधांजलि दी तथा उनके द्वारा किये गए कार्यों को याद किया गया।

महानगर अध्यक्ष मुकेश यादव ने बताया कि राजीव गांधी की दूरगामी सोच ने महिला सशक्तिकरण के लिए कदम उठाने का काम किया। चाहे महिलाओं की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की बात रही हो; चाहे महिलाओं को पंचायती राज में 30 प्रतिशत आरक्षण की। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की पहल राजीव गांधी ने ही की थी।

प्रदेश सचिव पुरूषोतम नागर ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राजीव गांधी न केवल युवाओं को शक्ति देने के पक्षधर थे, बल्कि उन्होंने उस दिशा में कदम भी उठाए। पंचायतीराज को सशक्त बनाने और 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार जैसे कदम उनके पांच साल के कार्यकाल की महान उपलब्धियों में गिने जाते रहेंगे। इस मौके पर उपस्थित अन्य पदाधिकारियों में लियाकत चौधरी, सतेंद्र शर्मा, चरण सिंह यादव, फिरे सिंह नागर, ललित अवाना, एसएस सिसोदिया, दयाशंकर पांडेय, राहुल पांडेय, रामकुमार शर्मा, विक्रम चौधरी, कैप्टन पीएस रावत, उदयवीर यादव, सुल्तान बिधूड़ी, सतीश पंचाल,मजहर हुसैन, पंकज वाल्मीकि, अरुण प्रधान सहित कई अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# डूब क्षेत्र में चला ग्रेनो प्राधिकरण का बुल्डोजर

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण ने बिसरख के डूब क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ बुधवार को बुल्डोजर चलाया। प्राधिकरण ने करीब 25 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा लिया है। कालोनाइजर डूब क्षेत्र में अवैध प्लॉटिंग करने की कोशिश कर रहे थे। ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने अतिक्रमण करने वाले को चेतावनी दी है कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित एरिया में अनुमति के बिना या फिर बिना नक्शा पास कराए बिना अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ ने लोगों से भी अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें।



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की टीम अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जीएम एके सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के बिसरख गांव के डूब क्षेत्र (खसरा संख्या-112 व 113) की लगभग 25 हजार वर्ग मीटर जमीन पर कालोनाइजर अवैध कालोनी काटने की कोशिश कर रहे थे। यह जमीन प्राधिकरण के अधिसूचित एरिया में है। बुधवार को जीएम एके सिंह सहित ओएसडी रामनयन सिंह, वर्क सर्किल तीन के प्रभारी राजेश निम और नागेंद्र सिंह, प्रबंधक रोहित गुप्ता, पुलिस-प्रशासन और पीएसी की मौजूदगी में बुधवार को इन खसरा नंबरों की जमीन पर हुए अतिक्रमण को ढहा दिया। प्राधिकरण की तरफ से तीन जेसीबी और दो डंफर का इस्तेमाल कर अवैध निर्माण को तोड़ दिया। यह कार्रवाई लगभग दो घंटे चली।

# प्रो वॉलीबॉल लीग में आज फाइनल के लिए भिड़ेंगे मुजफ्फरनगर लायंस और मथुरा योद्धास

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में चल रही उत्तर प्रदेश



प्रो वॉलीबॉल लीग का फाइनल बृहस्पतिवार को खेला जाएगा।

7 अगस्त को शुरू हुई वॉलीबॉल लीग में उत्तर प्रदेश के आठ टीमों लखनऊ टाइगर्स,गोरखपुर जॉइंट्स,नोएडा थंडर्स,मथुरा योद्धाज,अयोध्या सुपरकिंग्स, मुरादाबाद बुल्स,काशी वॉरियर्स और मुजफ्फर लायंस ने हिस्सा लिया था,अपने शानदार खेल की बदौलत मुजफ्फर नगर लायंस और मथुरा योद्धास लीग मुकाबलों की अंकतालिका में भी पहले और दूसरे स्थान पर रहीं थीं ,वहीँ प्लेऑफ मुकाबलों में भी दोनों टीमों से शानदार खेल दिखाते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई है,प्रो वॉलीबॉल लीग के संस्थापक कुलवंत बालियान ने जानकारी देते हुए बताया की बृहस्पतिवार को दोपहर 3.30 से मुजफ्फर नगर लायंस और मथुरा योद्धास के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा,जिसके बाद पहली बार हो रही उत्तर प्रदेश प्रो वॉलीबॉल लीग के पहले विजेता का फैसला होगा। कुलवंत बालियान ने बताया की विजेता टीम को 21 लाख का नगद पुरस्कार और उपविजेता टीम को 10 लाख का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया की पहली बार हो रही इस प्रो वॉलीबॉल लीग को दर्शकों का भी बेहद समर्थन मिला,हर मैच को देखने काफी संख्या में दर्शक खेल परिसर में मौजूद रहे।

# सियासी हस्तियों ने किया फोटो पर प्रदर्शनी का अवलोकन

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा मीडिया क्लब में चल रही, तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी को देखने के लिए काफी संख्या में शहरवासी और संभ्रांत लोग पहुंचे जिन्होंने फोटो जर्नलिस्ट द्वारा विभिन्न मुद्दों और पहलुओं पर खीचीं गयी तस्वीरों का अवलोकन किया। सभी से फोटो गैलरी में लगी तस्वीरों की सराहना की।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित रविकांत मिश्रा ने कहा कि यह बेजुबान तस्वीर बहुत कुछ बयां कर देती हैं। गौरतलब है कि मीडिया क्लब द्वारा प्रत्येक वर्ष विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। फोटो प्रदर्शनी के दूसरे दिन मीडिया क्लब में कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जिसमें कवयित्री श्रीमति शिखा दीप्ति, कवयित्री डॉ उर्वी उदल,कवि डॉ संजय जैन और कवि मुकेश शर्मा की उपस्थिति रही जिनके द्वारा विभिन्न कविताओं का पाठ किया गया। कवि सम्मेलन का सफल संचालन अरुणा त्यागी द्वारा किया गया।

प्रदर्शनी के दूसरे दिन वरिष्ठ भाजपा नेता रवि कांत मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार एस एस अवस्थी, सपा नेता बबलू चौहान, किसान नेता अशोक चौहान, समाजसेवी त्रिलोक शर्मा और कांग्रेस प्रवक्ता पवन शर्मा महामंत्री यतेंद्र शर्मा, वरिष्ठ नेता व बागपत प्रभारी सतेन्द्र शर्मा तथा कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष प उप्र लियाकत चौधरी समेत गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**बहुत कुछ बयां करती हैं ये बेजुबान तस्वीरें : रविकांत मिश्रा**



